
## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 फरवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 17:01 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 19:37 तक, योग : व्यतिपाता, 26:39 तक, सूर्योदय: 06:09, सूर्यास्त: 17:33, चन्द्रोदय : 04:36, चन्द्रास्त: 15:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 16:04 से 17:29

## साप्ताहिक : राशिफल
## 15-02-26 से 21-02-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों को इस सप्ताह किसी के बहकावे में आने से बचने की आवश्यकता रहेगी। किसी भी बड़े निर्णय लेने को लेकर उहापोह की स्थिति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों पर काम का अत्यधिक दबाव बना रहेगा। किसी व्यक्ति के साथ साझेदारी में कार्य प्रारंभ करने अथवा किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने से पहले खूब सोच-विचार कर लें, अन्यथा भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सप्ताह के मध्य में संतान से जुड़े किसी विषय को लेकर चिंता बनी रहेंगी। सप्ताह के अंत में अचानक से किसी तीर्थ स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह आमदनी चवन्नी और खर्चा रुपैया वाला साबित होने जा रहा है। सप्ताह के प्रारंभ में अनावश्यक चीजों पर धन खर्च होने से मन खिन्न रहेगा। इस दौरान अपनी सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें। कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। थोक व्यापारियों के मुकाबले छोटे व्यवसायियों का समय ठीक रहेगा। सप्ताह के अंत में किसी मित्र या प्रभावी शुभचिंतक की मदद से भूमि-भवन संबंधी विवाद का समाधान निकलने मन को सुकून मिलेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह तमाम तरह की परेशानियों से निजात दिलाने वााला साबित होगा। सप्ताह के प्रारंभ में आपके अरसे से अटके कार्यों में गति आयेगी। भूमि-भवन एवं निजी संबंधों से जुड़े मामले कोर्ट-कचहरी से बाहर निबटने से आप अत्यंत मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। युवाओं का अधिकांश समय मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। कॅरिअर की तलाश में जुटे लोग अपने भविष्य की प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यस्थल पर सीनियर्स आपके काम का लोहा मानेंगे और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। सप्ताह के अंत में पैसों के लेन-देन में अत्यंत सावधानी बरतें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** करिअर और कारोबार की दृष्टि से यह सप्ताह कर्क राशि के लिए काफी अहम होने जा रहा है। सप्ताह के प्रारंभ में किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं, जिसका भविष्य में अत्यधिक लाभ होगा। व्यवसाय में पूर्व सप्ताह की अपेक्षा अधिक सक्रिय रहते हुए घाटे की भरपाई करने के उद्देश्य से कठिन परिश्रम करेंगे। जिसका सप्ताह के अंत तक सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। इस दौरान किसी प्रिय अथवा परिजन द्वारा कोई शुभ सूचना मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों इस सप्ताह सेहत और संबंध दोनों को बहुत ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत रहेगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता के चलते अपनी सेहत की बिल्कुल अनदेखी न करें, अन्यथा कोई पुराना रोग उभर सकता है। खान-पान का विशेष ख्याल रखें। महिलाओं को हड्डी से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। सप्ताह के मध्य में छोटी-मोटी बातों को तूल देने से बचें अन्यथा बड़ा विवाद हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में अपने क्रोध पर संयम रखें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** सप्ताह के प्रारंभ में किसी अनजान भय को लेकर मन चिंतित रहेगा। खरीददारी करते समय अपने बजट का अवश्य ध्यान रखें, अन्यथा सप्ताह के अंत तक आपको उधार मांगने की स्थिति आ सकती है। पत्नी की सेहत को लेकर किसी भी प्रकार लापरवाही न बरतें। सप्ताह के मध्य में परिवार के किसी व्यक्ति के साथ मतभेद होने की वजह से पूर्व नियोजित कार्यक्रमों में कुछ देरी हो सकती है। इस दौरान शेयर बाजार आदि में धन लगाने से पहले खूब सोच विचार करें, अन्यथा नुकसान झेलना पड़ सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह विदेश से जुड़े कार्य या व्यवसाय करने वालों के लिए शुभ साबित होने जा रहा है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेंगी। बेरोजगार लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियों के साथ कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। पूर्व में किए गये धन निवेश का लाभ प्राप्त हो सकता है। सरकारी संस्थाओं में अटका धन रिलीज हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामले में निर्णय आपके पक्ष में आ सकते हैं। सप्ताह के अंत में परिवार के साथ कही बाहर जाने की योजना बन सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह वृश्चिक राशि के जातकों को कल्पनाओं की दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविकता का सामना करने की जरूरत रहेगी। पूरे मनोयोग से कार्य करने पर सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों का सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में अपेक्षा के मुताबिक लाभ मिलने पर मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि व्यवसाय से जुड़े निर्णय दूसरों पर छोड़ने की बजाय स्वयं लेने की जरूरत रहेगी, अन्यथा अपेक्षाकृत कम लाभ होगा। अपने आस-पास गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए अवसर बाहें फैलाए खड़ा हुआ है। ऐसे में इसे अपने हाथ से भूलकर न जानें दें। आज का काम कल पर टालने से बचें। युवा वर्ग का यह सप्ताह मौज-मस्ती और मनोरंजन के साथ बीतेगा। सप्ताह के प्रारंभ से ही लंबी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा सुखद एवं अत्यंत लाभदायक साबित होगी। नये लोगों से संपर्कों का लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण तथा अनुभवी व्यक्ति की मदद से बेहतर आउटपुट दे सकने में कामयाब होंगे। किसी मित्र या परिजन के साथ लंबे समय से चली आ रही नाराजगी दूर होगी।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने मन और वाणी दोनों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। याद रखें इस सप्ताह आपकी बात से ही बात बनेगी और बात से ही बात बिगड़ेगी। किसी भी अहम निर्णय को क्रोध या जल्दबाजी में लेने से बचें, अन्यथा भविष्य में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। सप्ताह के मध्य में किसी बात को लेकर आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन व तनाव देखने को मिलेगा। नतीजतन, गैर तो गैर, अपने भी आपसे दूर ही रहेगें। इन परिस्थितियों में आप स्वयं को अकेला महसूस कर सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों को इस सप्ताह दिमाग और दिल के बीच संतुलन बनाकर चलने की जरूरत रहेगी। ध्यान रहे आपका आचार-व्यवहार से वर्षों से बने-बनाये संबंध प्रभावित हो सकते हैं। किसी के साथ हास करते समय इस बात का पूरा ख्याल रखें कि वह उपहास में न तब्दील होने पाये। यदि कारोबार में किसी पार्टनर को साथ रखने का विचार बना रहे हैं तो अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना न भूलें। सप्ताह के मध्य में छात्र वर्ग की पढ़ाई में कुछेक अड़चनें आ सकती है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह अभिमान और बड़बोलेपन से बचना चाहिए, अन्यथा अपमान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में समय पर कार्य करें अन्यथा सीनियर्स की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। कार्यस्थल पर काम का बोझ अधिक बना रहेगा। किसी व्यक्ति पर आवश्यकता से अधिक विश्वास करने से बचें अन्यथा धोखा मिल सकता है। थोक व्यापारियों के मुकाबले फुटकर व्यापारियों का समय बेहतर रहेगा।

# योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली की हवा की तुलना 'गैस चैंबर' से की



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की तुलना ''गैस चैंबर'' से करते हुए शनिवार को कहा कि राज्य में तेजी से विकास हो रहा है, इसके बावजूद ''घुटन भरा माहौल' नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण नुकसान की है। उन्होंने कहा, ''आप देखिए यहां का पर्यावरण कितना अच्छा है, कोई प्रदूषण नहीं है। अगर प्रदूषण नहीं है, तो कोई बीमारी भी नहीं है। जब भी प्रदूषण होगा, तो यह फेफड़ों को भी नुकसान पहुंचाएगा। अगर ऑक्सीजन आपूर्ति करने वाली मशीन खराब हो जाती है, तो पूरा शरीर खराब हो जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास खंड जंगल कौड़िया में पुन: निर्मित विकास अधिकारी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली में वायु की गुणवत्ता की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, 'आप दिल्ली जाइए। क्या हालत है? ऐसा लगता है कि वहां गैस चैंबर है। हालत खराब है। आप हवा में सांस नहीं ले पाएंगे और आंखों में जलन होगी। वहां के डॉक्टर का कहना है कि जिन्हें अस्थमा और दूसरी बीमारियां हैं, बुजुर्ग और बच्चे, उन्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। क्या यही जिंदगी है?' आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी पर्यावरण के साथ कोई छेड़छाड़ होगी, ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। उन्होंने कहा, ''हम खुशकिस्मत हैं कि यहां विकास तो है, लेकिन दम घुटने वाला माहौल नहीं है।' केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 214 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में आता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे। साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 के बाद प्रदेश और गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि जब नीयत साफ हो तो परिणाम अपने आप आ जाते हैं। अच्छी दिशा में किए गए प्रयास से आज गोरखपुर में खाद कारखाना चालू हो चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय रामपति यादव को भी श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने कहा कि 1952 से आजीवन गोरक्षपीठ से जुड़े रहे रामपति यादव 1962 में जंगल कौड़िया के प्रमुख बने और तभी इस ब्लॉक मुख्यालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने शालीनता और सहजता के साथ लंबे समय तक लोगों की सेवा की।

### नोएडा मेट्रो (एक्वा लाइन) के विस्तार को मिली स्वीकृति एक ऐतिहासिक निर्णय : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा मेट्रो (एक्वा लाइन) के विस्तार को मिली स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए शनिवार को कहा कि यह नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय है। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आज नोएडा मेट्रो (एक्वा लाइन) के विस्तार को मिली स्वीकृति नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर-142 तक बनने वाली यह 11.6 किलोमीटर लंबी परियोजना लाखों यात्रियों के लिए आवागमन को अत्यंत सुगम बनाएगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, इस विस्तार में आठ नए एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे और बॉटनिकल गार्डन एक प्रमुख इंटरचेंज हब के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यह निर्णय न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगा, बल्कि नोएडा को देश के प्रमुख विनिर्माण और सेवा केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा। इस दूरदर्शी और जनहितैषी निर्णय हेतु प्रधानमंत्री जी का आभार।

## शंकराचार्य के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना 'शाब्दिक हिंसा' और पाप है: यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना 'शाब्दिक हिंसा' और पाप है। अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। परम पूज्य शंकराचार्य जी के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना शाब्दिक हिंसा है और पाप भी। ऐसा कहने वाले के साथ-साथ उन्हें भी पाप लगेगा जिन्होंने चापलूसी में मेजें थपथपाई हैं। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सदन के बाहर जनता का सामना करेंगे तो जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। अखिलेश यादव की टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में यह कहने के एक दिन बाद आई कि हर कोई 'शंकराचार्य' की उपाधि का इस्तेमाल नहीं कर सकता और सभी कार्यक्रमों के दौरान धार्मिक मर्यादा और कानून का शासन बनाए रखा जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, जो महाकुंभ की मौतों पर सच्चे आंकड़े नहीं बताते, मुआवजा में भी भ्रष्टाचार निकाल लेते हैं; जिन तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका हिसाब नहीं देते; अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं; ऐसे लोग किसी और के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते। यादव ने कहा, अपने बयान में उन्होंने 'कानून का शासन' बोल दिया। जैसे ही उनका ध्यान जाएगा, वे 'विधि का शासन' बोलने के लिए क्या फिर से सदन बुलाएंगे या टांग पर खड़े होकर 'लड़खड़ाता प्रायश्चित' करेंगे। जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है। अहंकार संस्कार को विकार में बदल देता है। वह व्यक्ति समाज में मान-सम्मान खो देता है, जिसके बारे में कहावत प्रचलित है - 'जब मुंह खोला, तब बुरा बोला।' सपा नेता ने कहा, 'हाता नहीं भाता' का ये विस्तारित रूप है।

### बिहार : पूर्णिया में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**पटना :** बिहार के पूर्णिया जिले में ट्रक और ई-रिक्शा के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात फारबिसगंज-कुर्सेला सड़क पर कछारी बलुआ गांव में हुई। बनमनखी के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) शैलेश प्रीतम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सात लोग एक धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के बाद ई-रिक्शा से लौट रहे थे तभी रात करीब 8:30 बजे फारबिसगंज-कुर्सेला सड़क पर एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। एसडीपीओ ने कहा, 'ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार है। उसे पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।'

## रांची में आभूषण चोरी के आरोप में गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**रांची :** रांची में आभूषण चोरी और घरों में सेंधमारी के कई मामलों के सिलसिले में एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हाल के दिनों में नामकुम पुलिस थाना क्षेत्र में तीन घरों में सेंधमारी और आभूषण चोरी के मामलों में आरोपी शामिल थे। उन्होंने बताया कि इनमें से दो घटनाएं 20 और 31 जनवरी को दर्ज की गईं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने कहा, हमने ऐसे तीन मामलों में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 200 ग्राम से अधिक सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए आभूषणों का बाजार मूल्य 16 लाख रुपये से अधिक होने का अनुमान है। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि तीन अन्य लोग भी इस अपराध में शामिल थे और अभी भी फरार हैं। पुष्कर ने बताया कि उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए आभूषण कांटा टोली चौक स्थित 'मां ज्वैलर्स' नामक दुकान पर बेचे गए थे।

## बांके बिहारी मंदिर में सेना के कैप्टन (सेवानिवृत्त) पर हमला करने वाला सेवायत गिरफ्तार

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ने शनिवार को दर्शन करने पहुंचे सेना के कैप्टन (सेवानिवृत्त) के सिर पर डण्डे से प्रहार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे तत्काल मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि आज गाजीपुर निवासी सेना के कैप्टन (सेवानिवृत्त) कुशेंद्र यादव (52) पत्नी और बच्चों के साथ वृंदावन में बिहारी जी के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जब वे ठाकुर. राधावल्लभ मंदिर के निकट से होते हुए बिहारी जी के मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने मंदिर के गोस्वामी और एक युवक के बीच झगड़ा होते हुए देखा।

## उप्र : श्री काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं का हाथ जोड़कर स्वागत करेगी पुलिस

**वाराणसी :** महाशिवरात्रि के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इस बार पुलिस का एक अलग ही रूप देखने को मिलेगा। पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का हाथ जोड़कर का अभिवादन करने के अलावा उन्हें 'सर' या 'मैडम' कहकर संबोधित करें। इस संबंध में मंदिर परिसर के भीतर स्थित त्र्यंबकेश्वर सभागार में बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं के प्रति पुलिस के बर्ताव को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं के प्रति कठोर भाषा, अपशब्दों का प्रयोग करने या अभद्र व्यवहार करने से बचें। पुलिस ने कहा कि श्रद्धालुओं से दुर्व्यवहार करने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि रविवार को लगभग 15-20 लाख श्रद्धालुओं के काशी दर्शन के लिए आने की उम्मीद है और पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ नम्रतापूर्वक व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए विस्तृत तैयारियां चल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि पुलिसकर्मी मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को 'सर' या 'मैडम' कहकर संबोधित करेंगे और सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात पुलिसकर्मियों को हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिहार: परिहवन विभाग ने आकर्षक वाहन नंबरों की नीलामी से दो माह में छह करोड़ कमाए

**पटना :** बिहार सरकार में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को बताया कि विभाग ने वाहनों के आकर्षक और पसंदीदा पंजीकरण नंबरों की ई-नीलामी से पिछले दो महीनों में करीब छह करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। राज्य परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एक दिसंबर 2025 से 13 फरवरी 2026 के बीच कुल 4,117 वाहन मालिकों ने ई-नीलामी प्रक्रिया के जरिए अपने पसंदीदा वाहन पंजीकरण नंबर हासिल किए। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, इस अवधि में आकर्षक और पसंदीदा वाहन पंजीकरण नंबरों की ई-नीलामी से विभाग को 5.95 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। मंत्री ने कहा, आकर्षक नंबर के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली लागू की गई है। इच्छुक वाहन मालिक विभाग की वेबसाइट पर निर्धारित अवधि के दौरान पंजीकरण कर बोली लगाते हैं और सर्वाधिक बोली लगाने वाले को नंबर आवंटित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पहली बार महज दो महीनों में ई-नीलामी से लगभग छह करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जिलावार आंकड़ों में पटना सबसे आगे रहा। पटना के वाहन मालिकों ने आकर्षक नंबरों पर 2.46 करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं खगड़िया और शिवहर जिलों में सबसे कम रुचि देखने को मिली, जहां क्रमश: 93,500 रुपये और 52,000 रुपये प्राप्त हुए। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से 52.17 लाख रुपये, गया से 41 लाख रुपये और पूर्णिया से 33.53 लाख रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। विभाग के अनुसार, सबसे अधिक मांग वाले पंजीकरण नंबर 0001, 0003, 0005, 0007 और 0009 रहे।

## राहुल गांधी अपरिपक्व हैं, उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है: गोयल




**मुंबई :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व बताते हुए कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं है, इसलिए वह भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है। केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी सच से हजारों मील दूर हैं और उनके जैसा विश्वनीयता खो चुका नेता चाहे लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी राष्ट्र सेवा को नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा, कांग्रेस हताश है। उसके पास झूठे और मनगढ़ंत दावे करने के अलावा अन्य कोई योजना या समाधान नहीं है। हमारी आलोचना करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वे गलत जानकारी फैलाकर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई उत्तर से भाजपा के लोकसभा सांसद गोयल ने कहा कि कांग्रेस अपनी सीमाओं को समझने में विफल रही है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, वे केवल सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक बातें लिखते हैं।

# मनरेगा को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रखेगी कांग्रेस : अजय राय



लखनऊ : कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में बहाल किए जाने तक सड़क से सदन तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। राय ने कहा कि संघर्ष के इस क्रम में कांग्रेस आगामी 17 फरवरी को पूरे जोर-शोर से उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव करेगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष-प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक साझा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि विगत तीन जनवरी से अनवरत पूरे प्रदेश में मनरेगा बचाओ संग्राम जारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) को उसके मूल स्वरूप में बहाल किए जाने तक सड़क से सदन तक पार्टी की यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक संवाददाता सम्मेलन की शुरुवात पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। राय ने कहा कि 13 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों में बहुत ही सफल और ऐतिहासिक मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली गई और प्रदेश के सभी कोनों में यह आवाज पहुंचा दी गई है कि मनरेगा जैसे जन कानून को खत्म कर मोदी सरकार ने अपनी मजदूर और किसान विरोधी सोच को उजागर कर दिया है। राय ने एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि कल सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरनंद जी के चयन पर सवाल उठाकर ना सिर्फ सनातन का बल्कि इस देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था का अपमान किया है। राय ने कहा कि योगी जी स्वयं एक पीठ के महंत हैं और उसके बावजूद उनका यह सवाल कि शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद का चयन कैसे हो गया निहायत ही बचकाना और सनातन की परंपराओं पर उनकी अज्ञानता जाहिर करता है। भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष, प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला ने कहा कि अमेरिका से हुई व्यापारिक संधि भारतीय किसानों के साथ मोदी सरकार का धोखा है, जबरदस्त सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी किसान जब शून्य प्रतिशत ड्यूटी के साथ अपना सामान बेचेगा तो भारतीय किसान उसके सामने नहीं टिक पाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3352



*बायें से दायें:-* 1) दस्तख़त, 3) मलयाली, 6) शिथिलता, 8) सूर्यकाल, 10) निकट, 12) गंदगी, 14) बघार, 15) श्रेष्ठ, 17) घर; अपर *(अधिकारी)*; प्रतिष्ठित, 18) जोड़फल, 20) छोटा, 21) विवेकी, 25) व्यसन, 26) बेदाग़, 28) बाज़ार, 30) पर्यन्त, 31) वैरी से मीठी मीठी बातें करके उसे मिलाने की नीति, 32) बेफ़िक्र, 33) सामंजस्यहीन.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सच्चाई, 2) अर्जुन का वाहन, 3) ख़ाली; बस इतना, 4) बार बार दोहराना, 5) अगर, 7) कामधंधा, 9) महत्त्वहीन, 11) समझाना, 13) नोक, 16) धूल, 17) स्वभाव, 19) महीना, 20) छबीला, 22) *जैसे-* निराला *अथवा* कालिदास, 23) तुरंत, 24) दया, 27) कामयाबी, 29) निवाला, 31) तरकारी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | | आ | धा | | घु | मं | तू | | ऐ |
| हा | | ज | म | घ | ट | | ती | स | रा |
| व | क्त | | | प | ना | मा | | | व |
| सा | | ने | व | ला | | मू | ल | भू | त |
| न | म | क | | | क | ली | | त | |
| | न | | अ | स | र | | स | हा | रा |
| स | मा | धा | न | | ध | र | ना | | र्ज्य |
| जा | नी | | मो | हि | नी | | त | नि | क |
| ना | | ग़ | ल | त | | रा | नी | | र्ता |

## सुडोकू-पहेली-3310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | | 8 | 3 | | | | 6 | |
| | | | 9 | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 2 | | 8 | 7 |
| | | | | 4 | 6 | | | 2 |
| | | | | | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 1 | | | | | | | | |
| 7 | | 6 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3309 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 7 |

# युवाओं से छल, 10 लाख सरकारी पद खाली : शुभेंदु अधिकारी

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने ममता सरकार को घेरा, युवाश्री पर श्वेतपत्र की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर राज्य के युवाओं को 'धोखा देने' और बेरोजगारी संकट का समाधान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में वर्तमान में 2.15 करोड़ से अधिक बेरोजगार



युवा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2013 में 17 लाख आवेदकों को भत्ते और रोजगार प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'युवा सहश्री' योजना को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया है, और 2017-18 वित्तीय वर्ष से इसके लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य सरकार ने राजनीतिक और कानूनी जोखिमों से बचने के लिए जानबूझकर रोजगार सृजन के रास्ते बंद कर दिए हैं। हमारे पास जानकारी है कि आवेदन सूचियों को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख सरकारी पद रिक्त हैं, जिनमें 3.58 लाख शिक्षक पद और 1.5 लाख पुलिस कांस्टेबल पद शामिल हैं। भाजपा नेता ने राज्य के सरकारी अधिकारियों और नौकरशाहों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी, अन्यथा उन्हें ''गंभीर कानूनी परिणामों'' का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नौकरशाही का एक वर्ग राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है और अधिवास प्रमाण पत्रों के अनधिकृत वितरण में शामिल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई और आरोप लगाया कि बांग्लादेश से घुसपैठ राज्य की जनसांख्यिकीय संरचना के लिए एक ''बड़ा खतरा'' बनी हुई है।

## चुनाव से पहले बंगाल पुलिस में फिर फेरबदल, छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला

### राजीव मिश्रा दक्षिण बंगाल के नए एडीजी नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के छह अधिकारियों का शनिवार को तबादला कर दिया। नई अधिसूचना के अनुसार, राजीव मिश्रा को दक्षिण बंगाल का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) नियुक्त किया गया है। अभी तक वह एडीजी और आईजीपी (आधुनिकीकरण और समन्वय) के तौर पर पदस्थ थे। लक्ष्मी नारायण मीणा को एडीजी और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी), अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) के पद पर तैनात किया गया है। आईजीपी (मुर्शिदाबाद और जंगीपुर रेंज) मुकेश



को आईजीपी (खुफिया शाखा) बनाया गया है, जबकि डीआईजी (नदिया और राणाघाट रेंज) सैयद वकार रजा को डीआईजी (मुर्शिदाबाद रेंज) के रूप में तैनात किया गया है। कृष्णानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के. अमरनाथ को जलपाईगुड़ी का एसपी नियुक्त किया गया है, जबकि जलपाईगुड़ी के एसपी वाई रघुवंशी को कृष्णानगर एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

## भाजपा हमेशा मुसलमानों के आर्थिक विकास की पक्षधर, तृणमूल उनका इस्तेमाल कर रही : समिक भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि पार्टी मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी मुसलमानों के आर्थिक विकास को सुनिश्चित किए बिना उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है। इस दिन, कोलकाता में पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों को संबोधित करते हुए भाजपा से राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि आर्थिक विकास की कमी के कारण मुस्लिम युवाओं के एक वर्ग ने हिंसा का मार्ग अपनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यक समुदाय के गुमराह सदस्य जिन्होंने



हथियारों और बम का सहारा लिया है, वे कलम और पेंसिल उठाएं और अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारें। हम उन्हें मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में हाल में हुई हिंसा की सभी घटनाओं में समुदाय का एक वर्ग शामिल था। ये सभी घटनाएं राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा सीमा पार से संरक्षण प्राप्त एक छोटे से समूह की करतूत थीं। सत्ता में आने के बाद भाजपा ऐसा कभी नहीं होने देगी। भट्टाचार्य ने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों से राज्य में मुसलमानों की आर्थिक स्थिति की तुलना गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में मुसलमानों की आर्थिक स्थिति से करने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा शासित राज्यों में मुसलमानों पर कोई बड़ा हिंसक हमला या हत्या की घटना नहीं हुई है, जबकि बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं पर हमला करते समय अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को भी नहीं बख्शा।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी विधानसभा चुनाव के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

**निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी एन के मिश्रा को**




**विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया। आधिकारिक पत्र में, निर्वाचन आयोग ने कहा कि मिश्रा को 'भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए' नियुक्त किया गया। वह मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया और राज्य में चुनाव तैयारियों की निगरानी करेंगे। आयोग ने कहा कि मिश्रा को समय-समय पर पश्चिम बंगाल का दौरा करना होगा और आवश्यक कार्रवाई के लिए आयोग को जानकारी देनी होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी उनकी यात्राओं के लिए आवश्यक समन्वय, सामग्री और प्रोटोकॉल सहायता प्रदान करेंगे। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि विशेष पर्यवेक्षक द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान चुनाव से संबंधित किसी भी अधिकारी को कोई प्रशंसा पत्र या प्रशस्ति पत्र जारी नहीं किया जाना चाहिए।**

### युवासाथी के साथ अब लक्ष्मी भंडार के नए आवेदन भी

## 15 से 26 फरवरी तक विधानसभा स्तर पर शिविर

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने युवाओं और महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। अब 'युवसाथी' योजना के साथ 'लक्ष्मी भंडार' योजना के नए आवेदन भी विधानसभा स्तर पर लगाए जाने वाले विशेष शिविरों में स्वीकार किए जाएंगे। यह शिविर रविवार से राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शुरू हो रहे हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, 15 फरवरी से 26 फरवरी तक (सरकारी अवकाश छोड़कर) प्रतिदिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में युवसाथी योजना, खेत मजदूरों को वार्षिक 4,000 रुपये की सहायता तथा किसानों के लिए सिंचाई जल कर माफी से संबंधित आवेदन भी लिए जाएंगे। साथ ही लक्ष्मी भंडार योजना के नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे।

युवासाथी योजना की घोषणा के बाद पहली बार आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन



कर सकेंगे। आवेदक का माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यदि कोई छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहा हो, तब भी वह आवेदन कर सकता है।

चयनित लाभार्थियों को अधिकतम पांच वर्षों तक प्रति माह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। आवेदन के लिए आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति, एडमिट कार्ड की प्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे।

राज्य सरकार का कहना है कि इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

**NOTICE (3rd Call)**
**Ref. e-NIT NO.: BDO/eNIT 77/342/2025-26**
**Ref. Tender ID.- 2026_ZPHD_1007099_1 to 4.**
An e-Tender **(Notice Memo no- 342, Dated- 13.02.2026)** containing four number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated amounting to **Rs. 125.89975 lakh, Fund-PATHASHREE.**
Bid Submission end on :-**02/03/2026 at 17.00 hours.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO - JM/ENIT-48/25-26 dated 13/02/2026**
**Name & Location of work :-** Construction of Maa Canteen Hall Room near Hindi School in ward no.-VI under Jhalda Municipality. Date of uploading of N.I.T. & other Documents (online) (Publishing Date) : **13/02/2026 from 11.30 A.M.** onwards. Documents download/ sell start date (Online) : **13/02/2026 at 02.30 P.M.** Documents download/sell end date (Online) : **26/02/2026 up to 01:30 P.M.** Bid submission start date (Online) : **13/02/2026 at 02.30 P.M.** Bid Submission closing (Online) : **26/02/2026 up to 01:30 P.M.** Bid opening date for Technical Proposals (Online) : **28/02/2026 at 02:00 P.M.** All relevant details available at **www.wbtenders.gov.in**
Sd/-
Chairman
Jhalda Municipality

## नवान्न से मिली हरी झंडी, साइबर अपराध रोकने के लिए लालबाजार में सात नई शाखाएं शुरू

**कोलकाता :** बढ़ते साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए कोलकाता पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। नवान्न से मंजूरी मिलने के बाद लालबाजार में सात विशेष साइबर शाखाएं शुरू की जा रही हैं। अब तक बुनियादी ढांचा तैयार होने के बावजूद अनुमोदन के अभाव में इन शाखाओं का संचालन शुरू नहीं हो पाया था।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंजूरी मिलते ही इन शाखाओं को सक्रिय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हाल ही में कोलकाता पुलिस ने एक नया हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, ताकि साइबर ठगी के मामलों में त्वरित सहायता दी जा सके।

नई संरचना के तहत सात शाखाओं में लालबाजार की साइबर थाना भी शामिल है। इसके अलावा ऑर्गनाइज्ड साइबर क्राइम, साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर सेफ्टी, साइबर फ्रॉड रिकवरी, साइबर फॉरेंसिक लैबोरेटरी, साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन एंड सपोर्ट तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल जैसी इकाइयां बनाई गई हैं।

फिलहाल ऑर्गनाइज्ड साइबर क्राइम सेक्शन में चार इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं, जबकि अन्य शाखाओं में दो-दो इंस्पेक्टर नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक शाखा में उनके अधीन सब-इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इन विशेष शाखाओं के शुरू होने से साइबर ठगी, डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।

## एफआईआर और अफसरों के ट्रांसफर पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से मांगा जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को 17 फरवरी शाम 5.30 बजे तक निर्देशों के पालन की रिपोर्ट देने का समय दिया है। बता दें कि नंदिनी चक्रवर्ती मंगलवार को नई दिल्ली में चुनाव आयोग की फुल बेंच के सामने पेश हुईं। उन्हें कई मामलों में आयोग के निर्देशों का पालन ना करने को लेकर तलब किया गया था। आयोग ने खासतौर पर बारुईपुर में चार एईआरओ और ईआरओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले पर सवाल उठाए। इसके अलावा, तीन अधिकारियों के ट्रांसफर और बसीरहाट-खख



के एईआरओ को अवैध सुनवाई कराने के आरोप में निलंबित करने के निर्देशों पर भी कार्रवाई की स्थिति पूछी। चुनाव आयोग ने कहा है कि सभी बिंदुओं पर 17 फरवरी शाम 5.30 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट दी जाए। माना जा रहा है कि अगर तय समय सीमा तक जवाब नहीं दिया गया तो आयोग आगे की कार्रवाई कर सकता है।

**विस्तृत वार्षिक रख-रखाव का ठेका**
**ई-निविदा सूचना सं. S&T/APDJ/58**
**दिनांकः 12-02-2026।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैः **निविदा संख्या. AP-ST-58-2025-26। कार्य का नामः** 03 (तीन) सालों की अर्थात 36 महिनों की एक अवधि के लिए अलीपुरद्वार मंडल के डाटा लॉगरों की विस्तृत वार्षिक रख-रखाव का ठेका। **निविदा राशिः** ₹2,02,32,287.64/-। **धरोहर राशिः** ₹2,51,200/-। **ई-निविदा बंद होगीः 12-03-2026 को 15:00 बजे में एवं खुलेगीः 12-03-2026** तारीख में ई-निविदा बंद होने की बाद। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्रों के साथ विस्तृत विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।
**डीआरएम (एसएंडटी), अलीपुरद्वार मंडल**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**पश्चिम मध्य रेल**
एकल निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/79 (2025-26)
दिनांक 12/02/2026
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभीयंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है।, **निविदा संख्या**– ईएल/50/300 आर/2025–26, **कार्य का नाम**– कोटा डिवीजन– कोटा डिविजन के प्राथमिक रूप से रखरखाव किए जाने वाले रेकों की पावर कारों में लगे 500 केवीएसी (किर्लोस्कर मेक) डीजी सेट और उसके सहायक उपकरणों सहित किर्लोस्कर निर्मित पावर कारों के डिए सेटों की एस्कॉर्टिंग, मार्ग संचालन, समस्या निवारण और व्यापक वार्षिक रखरखाव (''ए'', ''बी'', ''सी'', और ''डी'' चेक शेड्यूल रखरखाव) एक वर्ष की अवधि के लिए।, **अनुमानित लागत** (रू.में)– 1,82,72,814.48/-, **बयाना राशि (रू.में)**- 2,41,400/-, **कार्य समाप्ति अवधि**– 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**– 06/03/2026/ को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:15 बजे, ऑफर केवल ई–टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ लें।
(हस्ता.)
**कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेल, कोटा**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**
अभियांत्रिकी, ऊपरी उपस्कर और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल की विभिन्न शाखाओं में दिनांक 15.02.2026 **(रविवार) को दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **निरस्तीकरण [दिनांक 15.02.2026 (रविवार)]:** (1) **हावड़ा से** - 37249, 37239, 36823 (2) **बैण्डेल से** - 37242, 37246, 37749 (3) **बर्द्धमान से** - 36834 (4) **कटवा से** - 37748 ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 15.02.2026 (रविवार)]:** 53009 **कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** ट्रेन **कटवा से** 12.00 बजे के स्थान पर **12.40 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी।
**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेनें/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
पूर्व रेलवे

**डानकुनी-आनंद विहार टर्मिनल-डानकुनी स्पेशल ट्रेन**
आगामी **होली उत्सव** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03009/03010 डानकुनी-आनंद विहार टर्मिनल-डानकुनी स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी :-

| डानकुनी-आनंद विहार(टी) | | | (03009)(03010) | आनंद विहार(टी)-डानकुनी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शनिवार | - | 00.20 | ↓ डानकुनी | 23.30 | - | सोमवार |
| | 01.14 | 01.16 | बर्द्धमान | 21.41 | 21.43 | |
| | 03.00 | 03.05 | आसनसोल | 19.50 | 19.55 | |
| | 04.58 | 05.00 | जसीडीह | 17.50 | 17.52 | |
| | 17.40 | 17.45 | प्रयागराज जंक्शन | 03.00 | 03.05 | |
| रविवार | 11.00 | - | आनंद विहार(टी)↑ | - | 15.00 | रविवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल जंक्शन, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन एवं टूण्डला जंक्शन स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीख/दिन: डानकुनी से - 03009** दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 (शनिवार) = 02 ट्रिप एवं **आनंद विहार टर्मिनल से - 03010** दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 (रविवार) = 02 ट्रिप। **गठन** : वातानुकूलित 3-टीयर - 04, शयनयान श्रेणी - 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 06 एवं एसएलआरडी - 02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
पूर्व रेलवे

## आलू किसानों के लिए बड़ी राहत, कोल्ड स्टोरेज में 30% स्थान छोटे व सीमांत किसानों के लिए आरक्षित

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने आलू किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। नवान्न की ओर से जारी निर्देश के अनुसार अब राज्य के कोल्ड स्टोरेज में 30 प्रतिशत स्थान छोटे और सीमांत किसानों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। इस फैसले से आलू उत्पादकों को अपनी उपज सुरक्षित रखने और उचित मूल्य मिलने में मदद मिलेगी।

जारी अधिसूचना में जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 मार्च तक आरक्षित स्थानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही चालू मौसम में 1 मार्च से ही कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने के लिए किसानों के पास 'कृषक बंधु' कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड या फसल बीमा योजना से संबंधित दस्तावेज होना अनिवार्य होगा। प्रत्येक किसान को अधिकतम 35 क्विंटल, यानी लगभग 70 बोरी आलू भंडारण की अनुमति दी जाएगी।

राज्य सरकार का मानना है कि इस निर्णय से छोटे और सीमांत किसानों को विशेष लाभ मिलेगा तथा बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, फसल के बाद सुरक्षित भंडारण की सुविधा मिलने से किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिलने की संभावना बढ़ेगी।

नवान्न की ओर से जारी इस कड़े निर्देश के बाद संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसानों में इस फैसले को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

## फेसबुक विज्ञापन के झांसे में फंसे पूर्व बैंक प्रबंधक, 'पेंशन कार्ड' के नाम पर 14.76 लाख की ठगी

**कोलकाता :** सोशल मीडिया पर पेंशन कार्ड दिलाने के नाम पर एक बड़ा साइबर ठगी का मामला सामने आया है। फेसबुक पर दिए गए एक विज्ञापन के झांसे में आकर एक पूर्व बैंक प्रबंधक ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी गंवा दी। ठगों ने उनके खाते से कुल 14 लाख 76 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद पीड़ित ने कोलकाता के सर्वे पार्क थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित पूर्व बैंक अधिकारी फेसबुक चला रहे थे, तभी उन्हें एक विज्ञापन दिखा जिसमें एक सरकारी बैंक का पेंशन कार्ड उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। संबंधित बैंक में उनका खाता भी है, इसलिए उन्होंने विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक कर दिया।

लिंक पर क्लिक करने के कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को बैंक कर्मचारी बताया और पेंशन कार्ड पाने के लिए एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। अनजाने में उन्होंने एक मिरर ऐप डाउनलोड कर लिया। इसके बाद ठगों ने उनके सरकारी बैंक के दो खातों से कई चरणों में 14.76 लाख रुपये निकाल लिए।

कुछ देर बाद जब उन्हें खाते से रकम निकलने का पता चला, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। तत्काल उन्होंने सर्वे पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस लिंक और संबंधित बैंक खातों की जांच कर रही है, हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही रकम बरामद हो सकी है।

साइबर अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे तरीकों से ठग खुद को सीबीआई, ईडी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं और बड़ी रकम वसूलते हैं। अक्सर बुजुर्ग और सेवानिवृत्त लोग इनके निशाने पर रहते हैं।

पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, बावजूद इसके लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या ऐप डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें और किसी भी परिस्थिति में अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

# कोलकाता से शिलांग जाने वाले विमान को मिली बम की धमकी, निकाली अफवाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** बम की धमकी के बाद शनिवार को शिलांग जाने वाला एक विमान कोलकाता हवाई अड्डे पर करीब चार घंटे तक फंसा रहा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7304 में बम होने का दावा करने वाला हाथ से लिखा एक नोट मिला जिसके बाद उसे 'आइसोलेशन बे' (पृथक क्षेत्र) में ले जाया गया। विमान की गहन जांच के बाद हालांकि यह धमकी एक अफवाह साबित हुई। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पूरी तलाशी लेने के बाद विमान ने दोपहर 1:33 बजे अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान के उड़ान भरने से लगभग 15 मिनट पहले यानी सुबह करीब 9:15 बजे चालक दल के एक सदस्य को विमान के शौचालय में यह नोट मिला।

उन्होंने बताया कि 60 यात्रियों में से कुछ पहले ही विमान में सवार हो चुके थे। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित रूप से नीचे उतारा गया और विमान को 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया। एएआई के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सभी सुरक्षा जांच पूरी करने और मंजूरी मिलने के बाद विमान को परिचालन के लिए सुरक्षित घोषित कर दिया गया।

### डिब्रूगढ़-कोलकाता उड़ान में बम की धमकी, विमान के टॉयलेट में लिपस्टिक से संदिग्ध संदेश मिला

**कोलकाता, समाज्ञा :** असम के डिब्रूगढ़ से कोलकाता जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार की शाम इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान के टॉयलेट में लिपस्टिक से लिखा संदिग्ध संदेश मिलने पर सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। एहतियात के तौर पर विमान को अलग खड़ा किया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच तेज कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट 6ई6894, जो ए-320 विमान था, डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट से कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान विमान के वॉशरूम में लिपस्टिक से बम की धमकी लिखा संदेश मिला। सूचना मिलते ही पायलट और क्रू ने सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया। विमान ने शाम 7.37 बजे सुरक्षित लैंडिंग की। लैंडिंग के बाद विमान को तुरंत आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सुरक्षा नियमों के तहत विमान को मुख्य टर्मिनल से दूर खड़ा किया गया। इसके बाद सभी यात्रियों और क्रू मेंबर को सुरक्षित उतार लिया गया। बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की पूरी तलाशी शुरू की। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि स्थापित सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार हर कदम उठाया गया। किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। रक्षा एजेंसियां संदेश लिखने वाले की पहचान करने में जुटी हैं। सीसीटीवी फुटेज और यात्रियों की जानकारी खंगाली जा रही है।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# देश में सबसे अधिक शिक्षक-विहीन स्कूल पश्चिम बंगाल में हैं : धर्मेंद्र प्रधान



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू न करने से राज्य को 10,000 करोड़ रुपए की केंद्रीय निधि का नुकसान हुआ है। धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कोलकाता में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति मातृभाषा में शिक्षा की बात करती है, और पश्चिम बंगाल में यह बंगाली होनी चाहिए थी। राज्य सरकार बंगाली में शिक्षा की अनुमति नहीं देना चाहती। यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई होती, तो समग्र शिक्षा मिशन के तहत राज्य को अतिरिक्त निधि दी जाती। केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त निधि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विभिन्न आंकड़े प्रस्तुत करते हुए तर्क दिया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार के दौरान पश्चिम बंगाल की शिक्षा व्यवस्था में गिरावट आई है। उनके अनुसार, पश्चिम बंगाल में देश के कुल स्कूलों में से लगभग 50 प्रतिशत ऐसे स्कूल हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है। प्रधान ने कहा कि देश में सबसे अधिक शिक्षक-विहीन स्कूल पश्चिम बंगाल में हैं। यह संख्या लगभग 4,000 है, जो राष्ट्रीय औसत का लगभग 50 प्रतिशत है। उन्होंने सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच की कमी को लेकर राज्य सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच मात्र 16 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत 70 प्रतिशत है। यदि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो शिक्षा क्षेत्र एक प्रमुख फोकस क्षेत्र होगा।

**केंद्रीय मंत्री का आरोप ... 'बंगाल का बजट आम जनता से अधिक घुसपैठियों और मदरसों के लिए'**

**केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राज्य में घुसपैठ एक गंभीर मुद्दा बन गई है और राज्य को घुसपैठियों के हवाले किया जा रहा है। प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह राज्य सरकार बंगाल को घुसपैठियों के हवाले करने और एक बार फिर 'बंग भंग' जैसी स्थिति को आमंत्रित करने की योजना बना रही है। मेरा राज्य ओडिशा भी इससे प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, जबकि गरीबी देश को नुकसान पहुंचा रही है। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए प्रधान ने 'सत्ता परिवर्तन' का अनुरोध किया और आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने प्रशासन को भ्रष्टाचार और घुसपैठ के हवाले कर दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में इस भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए सत्ता परिवर्तन का समय आ गया है। उन्होंने लोगों से भाजपा के नेतृत्व वाली 'डबल इंजन सरकार' बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बजट की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह 'आम जनता से अधिक घुसपैठियों और मदरसों के लिए' है।**

## महिलाओं पर 'आपत्तिजनक टिप्पणी' का आरोप, अर्जुन सिंह के खिलाफ टिटागढ़ थाने में शिकायत दर्ज



**कोलकाता :** महिलाओं को लेकर कथित रूप से अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में भाजपा नेता अर्जुन सिंह के खिलाफ टिटागढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत दमदम-बैरकपुर संगठनात्मक जिला अल्पसंख्यक सेल की ओर से दी गई। शनिवार को अल्पसंख्यक महिलाओं के नेतृत्व में बैरकपुर क्षेत्र में एक विरोध रैली निकाली गई। रैली के बाद प्रदर्शनकारी टिटागढ़ थाना पहुंचे और वहां शिकायत पत्र सौंपा।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि हाल ही में एक जनसभा के दौरान अर्जुन सिंह ने महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जो उनकी गरिमा के खिलाफ है। इस बयान के विरोध में संगठन की ओर से जोरदार प्रदर्शन किया गया। थाने के सामने नारेबाजी के साथ-साथ प्रदर्शनकारियों ने अर्जुन सिंह का पुतला फूंककर प्रतीकात्मक विरोध जताया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत पत्र स्वीकार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अर्जुन सिंह की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## चंद्रकोणा में नाले में मिले 40 पुराने मतदाता कार्ड



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के चंद्रकोणा नगरपालिका के वार्ड 5 के गोंसाईबाजार इलाके में शनिवार को नाले से 40 मतदाता कार्ड मिले। स्थानीय लोगों ने देखा कि ड्रेन में कई पुराने मतदाता कार्ड पड़े हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कार्ड देखकर वे हैरान रह गए और इसकी सूचना बीडीओ कार्यालय को दी। बीडीओ उत्पल पाइक ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों ने जानकारी दी जिसके के आधार पर पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। पुलिस ने नाले से सभी मतदाता कार्ड उठाकर अपने कब्जे में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि ये कार्ड पुराने या परित्यक्त हैं। बीडीओ ने कहा कि ये कार्ड बहुत पुराने लगते हैं और संभवतः किसी ने इन्हें घर से निकालकर फेंक दिया होगा। इसमें किसी प्रकार की गंभीर समस्या नहीं है।

## बादुरिया में प्रेमिका के पति की हत्या के आरोप में बीएलओ समेत दो गिरफ्तार

**❑ एसआईआर पर चर्चा के बहाने सुनसान जगह पर बुलाया, शव के टुकड़े तीन नहरों में फेंके**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुरिया इलाके में एक युवक की हत्या कर उसके शव के टुकड़े कर तीन अलग-अलग नहरों में फेंकने का आरोप स्थानीय बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और उसके एक सहयोगी पर लगा है। पुलिस ने नहरों से प्लास्टिक में पैक किए गए शव के अंग बरामद किए हैं। इस मामले में बीएलओ और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान नासिर अली (30) के रूप में हुई है। वह बादुरिया थाना अंतर्गत चातरा ग्राम पंचायत के पापिला गांव का निवासी था और स्थानीय स्तर पर तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। नासिर



पिछले पांच दिनों से लापता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, बीएलओ की पत्नी के साथ मृतक युवक के कथित संबंधों के चलते यह हत्या की गई। आरोप है कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से जुड़े कागजात दिखाने के बहाने युवक को बुलाया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। शनिवार की सुबह पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने नासिर की मोटरसाइकिल बरामद की। बाद में, पुलिस ने बीएलओ रिजवान हसन मंडल को स्वरूपनगर के तेतुलिया इलाके से तथा उसके सहयोगी सागर गाइन को रामपुरहाट से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में लिया। पूछताछ में आरोपितों ने हत्या की बात स्वीकार की, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर शुक्रवार की देर रात तीन नहरों से शव के टुकड़े बरामद किए गए। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## अधीर को हराने के लिए तृणमूल की 'रणनीति' का हिस्सा बनना मेरी सबसे बड़ी भूल : हुमायूं कबीर

**मुर्शिदाबाद :** जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक तथा भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बहरामपुर सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को हराने की तृणमूल कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा बनना उनके जीवन की सबसे बड़ी भूलों में से एक था। इस दिन, मीडिया से बातचीत में कबीर ने कहा कि गुजरात निवासी यूसुफ पठान को बहरामपुर से उम्मीदवार बनाया जाना यहां के मतदाताओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण सिद्ध हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद निर्वाचित होने के बाद पठान शायद ही कभी बहरामपुर आए हों। कबीर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी उन्होंने यहां के मतदाताओं को धन्यवाद देने की



आवश्यकता नहीं समझी। बहरामपुर की जनता द्वारा पूर्व पांच बार के सांसद को हराना एक बड़ी भूल थी। मेरी सबसे बड़ी भूल यह रही कि मैं भी उन्हें हराने की प्रक्रिया का हिस्सा बना। यह भी कहा कि वह अपनी गलती पर पश्चाताप कर रहे हैं और वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में यूसुफ पठान की करारी हार सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कबीर ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी गैर-भारतीय जनता पार्टी और गैर-तृणमूल कांग्रेस दलों से गठबंधन का आह्वान किया है।

### ग्राहकों को मिलेगा प्रीमियम डिजाइन और दमदार टेक्नोलॉजी का बेहतर अनुभव

**चंडीगढ़/कोलकाता :** गोबोल्ट ने एक मल्टी-ईयर ग्रोथ स्ट्रेटेजी बनाई है, ताकि ग्राहकों के अनुकूल गैजेट्स पेश किए जा सकें। कंपनी अब भारी छूट पर निर्भर रहने के बजाए मिड-प्रीमियम और प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस बढ़ा रही है, ताकि मुनाफा और ब्रांड वैल्यू दोनों मजबूत हों। कंपनी ने वित्त वर्ष 27-28 तक 3,000 करोड़ रुपए की आय का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 25 में कंपनी ने लगभग 800 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। को-फाउंडर वरुण गुप्ता ने कहा कि कंपनी मजबूत और डिजाइन-केंद्रित ब्रांड बनाने पर ध्यान दे रही है। हम पहले भारतीय वियरेबल्स ब्रांड हैं, जिसने मस्टैंग जैसे वैश्विक ऑटोमोटिव परफॉर्मेंस आइकन के साथ गहरी और डिजाइन-केंद्रित साझेदारी स्थापित की है। को-फाउंडर तरुण गुप्ता के मुताबिक, अपने इस चरण में हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने पर ध्यान दे रहे हैं, जिन्हें लोग सच में अपनाना और अपने पास रखना चाहें।

## प्रोटीन गैप पर जागरूकता के लिए प्रोटिनेक्स का नोचेयरडेयर अभियान शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रोटिनेक्स ने मांसपेशियों की मजबूती और प्रोटीन की कमी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नोचेयरडेयर नामक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत लोगों को 'वॉल-सिट' चुनौती के माध्यम से अपनी मांसपेशियों की ताकत परखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए औसतन 27 सेकंड और पुरुषों के लिए 34 सेकंड तक दीवार के सहारे बैठने की स्थिति में बने रहने की चुनौती निर्धारित की गई है। यह अभियान सोशल मीडिया मंचों, विशेष रूप से इंस्टाग्राम पर प्रोटिनेक्स के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जहां प्रतिभागियों को अपनी भागीदारी साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कंपनी ने 25 डिजिटल रचनाकारों और फिटनेस प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ भी साझेदारी की है। अभियान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डैनोन इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर प्रियंका वर्मा ने कहा, नोचेयरडेयर के माध्यम से हम पोषण संबंधी जागरूकता को केवल जानकारी तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि इसे व्यवहार में बदलना चाहते हैं।

## अशोका यूनिवर्सिटी ने 2026-27 बैच के सभी यंग इंडिया फेलोज के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की, आवेदन 23 मार्च तक

**कोलकाता, समाज्ञा :** अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप (वाईआईएफ) के 2026-27 बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्यक्रम अपने 15 वर्ष पूरे कर रहा है। विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि इस बैच के सभी चयनित फेलोज़ को आंशिक या पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे योग्य छात्रों के लिए उच्च शिक्षा अधिक सुलभ हो सके। वाईआईएफ एक वर्षीय आवासीय पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रम है, जो इंटरडिसिप्लिनरी शिक्षा पर आधारित है। विभिन्न विषयों से स्नातक, अंतिम वर्ष के छात्र और पेशेवर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 2026-27 में लगभग 100 फेलोज़ शामिल किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क है और रोलिंग आधार पर की जा रही है। प्रायोरिटी डेडलाइन 23 फरवरी 2026 निर्धारित है, जबकि अंतिम तिथि 23 मार्च 2026 है। छात्रवृत्ति के तहत 25 से 100 प्रतिशत तक ट्यूशन, आवास और भोजन शुल्क में सहायता दी जाएगी।

## जलंगी में परित्यक्त कार से सड़ा-गला शव बरामद, इलाके में सनसनी

**मुर्शिदाबाद :** जिले के जलंगी थाना अंतर्गत जोड़तला राज्य सड़क के किनारे खड़ी शनिवार की सुबह एक परित्यक्त कार से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की उम्र अनुमानित तौर पर 50 से 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, हालांकि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जलंगी थाना से कुछ ही दूरी पर जोड़तला इलाके में राज्य सड़क के किनारे उक्त कार पिछले लगभग तीन वर्षों से परित्यक्त अवस्था में खड़ी थी। इस दिन, सुबह करीब 9 बजे कार से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन के अंदर से शव बरामद किया।

पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि व्यक्ति की मौत 10-12 दिन पहले हुई है। जांच से जुड़े एक वर्ग का मानना है कि कहीं और हत्या कर सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को कार में रखकर यहां छोड़ा गया हो सकता है। थाना के बेहद नजदीक हुई इस घटना से इलाके में भारी सनसनी फैल गई है। डोमकल के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात शव मिलने के मामले में अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## होली पर पूर्व रेलवे की सौगात, दो स्पेशल ट्रेनों से 12,600 से अधिक अतिरिक्त बर्थ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने होली और डोल यात्रा के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इन स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से 12,600 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे यात्रियों को त्योहार के दौरान सुगम और आरामदायक यात्रा सुविधा मिल सकेगी। 03101 सियालदह-मालतीपाटपुर होली स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार 27 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक, रात 23:50 बजे सियालदह से रवाना होकर अगले दिन 09:35 बजे मालतीपाटपुर पहुंचेगी। वापसी में 03102 मालतीपाटपुर-सियालदह स्पेशल प्रत्येक शनिवार 28 फरवरी से 21 मार्च 2026 तक 15:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02:00 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन अंडाल, खड़गपुर, बालासोर, भद्रक, जाजपुर के रोड, कटक, भुवनेश्वर और खुर्दा रोड स्टेशनों पर रुकेगी तथा इसमें वातानुकूलित श्रेणी उपलब्ध होगी।

03009 डानकुनी-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 28 फरवरी और 7 मार्च 2026 को 00:20 बजे डानकुनी से प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में 03010 आनंद विहार-डानकुनी स्पेशल 1 और 8 मार्च 2026 को 15:00 बजे रवाना होकर अगले दिन 23:30 बजे डानकुनी पहुंचेगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज जंक्शन, गोविंदपुरी, इटावा और टूंडला स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान और वातानुकूलित श्रेणी की सुविधा उपलब्ध होगी।

### एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने गोल्ड लोन की पहुंच 260 से ज़्यादा ब्रांच तक बढ़ाई

**कोलकाता :** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने आज अपने गोल्ड लोन ब्रांच नेटवर्क को दोगुना करके देश भर में 260 से ज़्यादा ब्रांच कर दिया है। जून 2025 में गोल्ड लोन बिज़नेस के एक्विजिशन के बाद इस महीने की शुरुआत में अपनी 130वीं नई ब्रांच शुरू करके इस तेज़ी से बढ़ोतरी की पहचान की गई। एक साल से भी कम समय में अपने एक्वायर किए गए पोर्टफोलियो के साथ 130 से ज़्यादा नई ब्रांच खोलकर, एलटीएफ ने भारत के सिक्योर्ड क्रेडिट लैंडस्केप में तेज़ी से आगे बढ़ने का संकेत दिया है। इस डेवलपमेंट पर कमेंट करते हुए, एल एंड टी फाइनेंस के चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफ़िसर, राजू डोडटी ने कहा, हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस बिज़नेस में आने के बाद से हमने रिकॉर्ड समय में कंपनी के डेडिकेटेड गोल्ड लोन ब्रांच नेटवर्क को सफलतापूर्वक दोगुना कर दिया है, जिससे देश भर में कुल ब्रांचों की संख्या 260 से ज़्यादा हो गई है, जो हमारी एग्रेसिव ब्रांच एक्सपेंशन पॉलिसी को देखते हुए और भी बढ़ती रहेगी।

## मायापुर में 540वां अंतरराष्ट्रीय गौड़ पूर्णिमा महोत्सव में देश-विदेश से लाखों भक्तों का समागम



**कोलकाता :** नदिया जिले के श्रीधाम मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर में श्रीचैतन्य महाप्रभु के 540वें आविर्भाव तिथि के उपलक्ष्य में भव्य अंतरराष्ट्रीय गौड़ पूर्णिमा महोत्सव 5 मार्च तक चलेगा। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के कारण मायापुर इस समय एक 'मिनी वर्ल्ड' का रूप ले चुका है। 13 तारीख की सुबह 8:45 बजे ध्वजारोहण के साथ गौड़ पूर्णिमा उत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में गौड़ पूर्णिमा उत्सव के चेयरमैन जय पताका स्वामी महाराज, सह-चेयरमैन भक्तिपुरुषोत्तम स्वामी महाराज, महा मंडल परिक्रमा के चेयरमैन लोकनाथ स्वामी महाराज सहित जीबीसी के कई वरिष्ठ महाराज उपस्थित रहे। इस्कॉन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रसिक गौरांग दास ने बताया कि 3 मार्च को श्रीचैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस (दोल पूर्णिमा) पूर्ण धार्मिक मर्यादा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर की विशेष परंपरा के अनुसार यहां रंग-अबीर का खेल नहीं होता, बल्कि दिनभर भजन और साधना के माध्यम से भक्त 'कृष्णानुराग' में रंगे रहते हैं। संध्या समय महाप्रभु के आविर्भाव क्षण पर पुष्पांजलि और विश्व शांति की विशेष प्रार्थना के साथ महोत्सव का समापन होगा।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश में बंगाल सरकार की शिकायतों की अनदेखी की गई : चिदंबरम

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हाल में आए उच्चतम न्यायालय के आदेश में पश्चिम बंगाल सरकार की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ है। चिदंबरम ने कहा कि इन मुद्दों के निपटारे के लिए शीर्ष अदालत को निर्वाचन आयोग को 'विशिष्ट निर्देश' देने की आवश्यकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर की आलोचना करते हुए इसे 'लोकतांत्रिक भागीदारी को कमजोर करने' और 'राज्य के चुनावी संतुलन को बिगाड़ने का प्रयास' बताया। चिदंबरम ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि उच्चतम न्यायालय आगे भी निर्वाचन आयोग के लिए आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष चुनौती एसआईआर में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की थी।



अदालत ने यह कहते हुए आदेश पारित किया कि वह एसआईआर प्रक्रिया में किसी बाधा' की अनुमति नहीं देगी। प्रक्रिया पूरी करने की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि लेकिन इस आदेश से पश्चिम बंगाल सरकार की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ। निर्वाचन आयोग को उन शिकायतों पर कार्रवाई के लिए विशेष आदेश या निर्देश देने की आवश्कता है। क्या आगे और आदेश जारी किए जाएंगे, यह मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि अदालत आयोग को और निर्देश देगी। चिदंबरम ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन और संघीय ढांचे के मूल से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र, संघवाद और 'जनता की सरकार' की अवधारणा की जड़ से जुड़ा है। यदि बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया जाता है, तो उस चुनाव को जनता की सरकार चुनने वाला चुनाव कैसे कहा जा सकता है? निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र के हित में काम करनी चाहिए। विभिन्न राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया पर उन्होंने कहा कि विवाद से बचने के लिए व्यापक परामर्श से तैयार स्पष्ट प्रारूप आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हितधारकों, खासकर राजनीतिक दलों से व्यापक परामर्श के बाद एक मानक प्रारूप तय होना चाहिए। प्रश्नावली, कार्यप्रणाली और गणनाकर्मियों के प्रशिक्षण की मदद से होने वाली जनगणना एक अच्छा उदाहरण है।

## महाशिवरात्रि पर 156 नि:शुल्क चश्मों का वितरण, प्राथमिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सोसाइटी बेनिफिट सर्कल द्वारा शनिवार को विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के हामीरागाछी स्थित चिकित्सालय में प्रातः 11 बजे से डॉ. शमीम अहमद के नेतृत्व में 156 निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। इनमें से 96 चश्मे 8 फरवरी को मार्गदर्शक स्वर्गीय राजकुमार बोथरा की स्मृति में आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र परीक्षण शिविर में पंजीकृत रोगियों को प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सायं 4 बजे से श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के आवासीय प्रांगण में यात्रियों एवं कांवड़ियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कौशिक साहु, अंजलि प्रधान और विदिशा ने सेवाभाव से निःशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल सहित महेश




काबरा, सुमित झुनझुनवाला, चुन्नीलाल पटेल, बिनोद अग्रवाल और अरुण झुनझुनवाला सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि भविष्य में भी संस्था द्वारा सेवा कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा।

## पुलवामा की बरसी पर श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने किया रक्तदान कार्यक्रम

**❑ 32 लोगों ने रक्तदान करते हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को दी श्रद्धांजलि**

**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने पुलवामा हमले की बरसी पर एक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया। बड़ाबाजार नलिनी सेठ रोड स्थित समिति के प्रधान कार्यालय में आयोजित इस रक्तदान कार्यक्रम में 32 लोगों ने रक्तदान करते हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। समिति के सभापति दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांधड़ ने बताया कि पीएसपीएल फाउंडेशन के बिमल जैन, निर्मल जैन, अभिनंदन जैन व श्रेयांश जैन ने इस कार्यक्रम को स्पोंसर्ड किया। पार्षद विजय ओझा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। कोषाध्यक्ष विकास




नेवटिया, उपसभापति मुरारीलाल डिडवानिया, दिनेश कुमार कालानी, उप सचिव विजय दारुका, राजीव कुमार सिंघी ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया। संयोजक ललित गोयल, सुरेश झुनझुनवाला, सोमनाथ कुमार, सचिन बेरीवाल ने सहयोगियों को धन्यवाद दिया। निर्मल जैन, भागीरथमल गोयल, बिमल टिबड़ेवाल, सुशील अग्रवाल, संजय जैन, शिव कुमार कनोई, नथमल बिहानी, प्रदीप जालान, प्रदीप परसरामपुरिया, नवनीत सादानी, दाऊ लाल मूंदड़ा, अनिल मित्तल, पीयूष खेड़िया, राहुल बंसल, शुभकरण सेठिया, प्रदीप जायसवाल, विनय मरेठिया, विष्णु अग्रवाल, गोपाल झुनझुनवाला, महाबीर मित्तल, राजेश गोयल, कौशल बिहानी, मयंक अग्रवाल, बिपिन बेरीवाल, हिमांशु गौरीसरिया, राजेश अग्रवाल का सक्रिय सहयोग शिविर को प्राप्त हुआ।

### माता-पिता का पूजन कर मनाया गया अनोखा प्रेम दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** संत श्री आशारामजी आश्रम, गड़िया, कोलकाता में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं, बच्चों और युवाओं ने भाग लेकर अपने माता-पिता का विधिवत पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान बच्चों एवं युवाओं ने अपने माता-पिता को आसन पर विराजमान कर पुष्पमालाएं अर्पित कीं, तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की। इस भावुक दृश्य को देखकर उपस्थित जनसमूह भाव-



विभोर हो उठा। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लगभग एक माह पूर्व से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया था। युवा सेवा संघ द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में होर्डिंग लगाए गए तथा सैकड़ों ऑटो-रिक्शा के माध्यम से जनसंदेश प्रसारित किया गया। वहीं, श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में हावड़ा स्टेशन के एलईडी स्क्रीन पर मातृ-पितृ पूजन दिवस से संबंधित प्रचार वीडियो भी प्रदर्शित किए गए। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया तथा प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने का संकल्प लिया।

## पूर्व रेलवे की बड़ी उपलब्धि, सुरक्षा और वाणिज्य श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सुरक्षा, अधोसंरचना विकास और परिचालन दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए रेलवे बोर्ड के प्रतिष्ठित 'सेफ्टी शील्ड' और 'कॉमर्शियल शील्ड' पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इस उपलब्धि के साथ पूर्व रेलवे को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जोन घोषित किया गया है। पिछली तिमाही में जोन ने रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हावड़ा-वर्दवान खंड के 105 किमी लंबे व्यस्त रेलमार्ग पर स्वदेशी ट्रेन टक्कर-रोधी प्रणाली 'कवच' स्थापित की गई है। यह प्रणाली ट्रेनों की रीयल-टाइम निगरानी करती है और किसी भी संभावित टक्कर या सिग्नल पार करने की स्थिति में स्वतः ब्रेक लगाकर दुर्घटना को टालने में सक्षम है। हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर इसकी स्थापना से यात्री सुरक्षा को नई मजबूती मिली है।

इसके साथ ही, कृष्णनगर-आमघाटा खंड पर 14 वर्षों के अंतराल के बाद रेल परिचालन पुनः शुरू किया गया है। इस खंड को नैरो गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तित कर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संझा और पुंसिया में दो नए इंटरमीडिएट ब्लॉक पोस्ट भी चालू किए गए हैं, जिससे ट्रेनों के बीच की दूरी कम होगी और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित होगा।

सुरक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए पूर्व रेलवे ने सूरी और कुमारपुर में दो नए रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया है, जिनसे संबंधित लेवल क्रॉसिंग गेटों को समाप्त कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, चार मानव-संचालित लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाकर सुरक्षित विकल्पों से प्रतिस्थापित किया गया है। रेलवे प्रशासन का लक्ष्य 'जीरो एक्सीडेंट' की दिशा में ठोस प्रगति करना है। संस्थागत उपलब्धियों के साथ-साथ ईस्टर्न रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जोन के कार्मिकों को कुल 13 व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त हुए, जो देश के किसी भी जोन द्वारा हासिल की गई सर्वाधिक संख्या है।

# चुनाव से पहले हुगली में राजनितिक संघर्ष, आपस में भिड़े भाजपा तृणमूल कार्यकर्ता

**हुगली, समाज्ञा :** चुनाव की घोषणा से पहले एक बार फिर हुगली जिले में राजनीतिक संघर्ष की घटना सामने आई है। बैद्यबाटी नगर पालिका के वार्ड 20 नंबर वार्ड में राजनीतिक तनाव का मामला सामने आया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड के तृणमूल कांग्रेस पार्षद हरिपद पाल पर मारपीट का आरोप लगाया है। भाजपा का आरोप है कि दिल्ली रोड के पास स्थित एक केमिकल फैक्ट्री से जहरीला धुआं निकल रहा था। इसी शिकायत की जांच करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता बीती रात गोविंद कॉलोनी इलाके में पहुंचे थे।



आरोप है कि उसी दौरान वार्ड नंबर 20 के तृणमूल पार्षद हरिपद पाल और उज्ज्वल गुप्ता ने उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बुरी तरह पीटा गया, जिसमें एक कार्यकर्ता की नाक से खून बहने लगा। घायल कार्यकर्ता को इलाज के लिए श्रीरामपुर वाल्श अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद भाजपा की ओर से श्रीरामपुर थाने में पार्षद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।

वहीं, तृणमूल पार्षद हरिपद पाल ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता राधा गोबिंद कॉलोनी इलाके में माहौल को गर्म कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा तृणमूल के दीवार लेखन पर कब्जा कर रही थी, जिसका उन्होंने विरोध किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। प्रारंभिक जांच में किसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की बात सामने आई है। मामले की जांच जारी है। तृणमूल कार्यकर्ता के भी जख्मी होने की खबर है।

# निपा नियंत्रण में बंगाल का माडल सराहनीय: आईसीएमआर महानिदेशक

## कोलकाता दौरे पर आए डॉ. बहल ने कहा, केंद्र के साथ बेहतर तालमेल और त्वरित कार्रवाई से हुआ नियंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने शनिवार को राज्य सरकार द्वारा हाल ही में सामने आए निपाह वायरस मामले पर की गई प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य ने केंद्र के साथ समन्वय में प्रभावी ढंग से काम करके इसके प्रसार को रोका है। डॉ. बहल ने ये टिप्पणियां कोलकाता के कल्याणी क्षेत्र में स्थित आईसीएमआर-राष्ट्रीय जैवचिकित्सा जीनोमिक्स संस्थान (आईसीएमआर-एनआईबीएमजी) के अपने दौरे के दौरान कीं, जहां उन्होंने पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. दिलीप महालनाबिस की प्रतिमा का अनावरण किया। निपाह वायरस की स्थिति पर बोलते हुए, डॉ. बहल ने कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि समय पर निगरानी और निवारक उपायों से संक्रमण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा



सकता है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में 2001 और 2007 में, निपाह वायरस संक्रमण के मामले सामने आए थे, लेकिन मामलों की संख्या सीमित रही। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा निगरानी और रोकथाम के प्रयासों में उठाए गए सक्रिय कदम सराहनीय हैं।

## ममता बनर्जी ने दी वैलेंटाइन डे की बधाई, कहा- 'प्रेम अमर रहे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री बनर्जी ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर 'वेलेंटाइन डे' की शुभकामनाएं दीं। ममता बनर्जी ने पहली बार वेलेंटाइन डे के अवसर पर संदेश साझा किया है। अपने संदेश की शुरुआत उन्होंने बांग्ला कविता से की, और लिखा कि प्रेम अमर रहे। प्रेम स्थायी है, फलता-फूलता है और लंबे समय तक कायम रहता है। उन्होंने लिखा कि वेलेंटाइन डे प्रेम के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का उत्सव है। प्रेम की यही भावना मेरे सार्वजनिक जीवन की यात्रा का मार्गदर्शन करती रही है। यह जनता के प्रति ऐसा प्रेम है जो तूफानों को झेल सकता है, धैर्यपूर्वक उनकी बात सुन सकता है और न्याय व गरिमा के लिए साहसपूर्वक लड़ सके।

## ग्रैंड होटल के सामने फुटपाथ से चरणबद्ध तरीके से हटाए जाएंगे हॉकर्स, निगम ने तैयार की रूपरेखा

**कोलकाता :** धर्मतला स्थित ऐतिहासिक ग्रैंड होटल के सामने फुटपाथ से हॉकर्स हटाने को लेकर लंबे समय से चली आ रही जटिलता के समाधान की दिशा में कोलकाता नगर निगम ने पहल की है। एकमुश्त बेदखली के बजाय चरणबद्ध तरीके से होटल के मरम्मत कार्य के साथ तालमेल बिठाते हुए हॉकर्स को अस्थायी रूप से हटाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, होटल प्रबंधन ने मरम्मत कार्य सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निगम से सहयोग मांगा था। इसी के मद्देनजर हाल ही में टाउन वेंडिंग कमिटी (टीवीसी) की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हॉकर्स पुनर्वास से संबंधित मेयर परिषद सदस्य देवाशीष कुमार, टीवीसी के सह-अध्यक्ष स्वपन समाद्दार, निगम के अधिकारी तथा विभिन्न हॉकर्स संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। होटल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि पूरे वर्ष के लिए सभी हॉकर्स को हटाना संभव नहीं है। जिस हिस्से में मरम्मत कार्य चलेगा, केवल उसी हिस्से के हॉकर्स को डेढ़ से दो महीने के लिए अस्थायी रूप से हटाया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद वे पुनः अपने पूर्व स्थान पर बैठ सकेंगे। निगम की योजना के अनुसार, मरम्मत कार्य तीन से चार चरणों में किया जाएगा और प्रत्येक चरण में संबंधित हिस्से के हॉकर्स का अस्थायी पुनर्विन्यास किया जाएगा। इस निर्णय से जहां होटल का नवीनीकरण कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सकेगा, वहीं हॉकर्स की आजीविका पर भी स्थायी प्रभाव नहीं पड़ेगा।



आज महाशिवरात्रि, श्रद्धालुओं के स्वागत को सज-धज कर तैयार नीमतल्ला का भूतनाथ मंदिर

## फ्लाइट में सहयात्री से छेड़छाड़ के आरोप में कोलकाता हवाई अड्डे पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को एक पुरुष यात्री को गिरफ्तार किया गया। उस पर आरोप है कि उसने हनोई-कोलकाता उड़ान में अपनी महिला सहयात्री से छेड़छाड़ की। आरोपी का नाम मो. अब्दुर रहमान है। पुलिस के अनुसार, युवती हनोई, वियतनाम से कोलकाता आने वाली एक निजी एयरलाइन की फ्लाइट में सवार हुई थी। जैसे ही विमान कोलकाता में उतरने की तैयारी कर रहा था, बिहार निवासी यह व्यक्ति अपने बगल में बैठी युवती को परेशान करने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे अनुचित ढंग से छूआ। इस घटना से परेशान होकर युवती ने विमान के अंदर सहायता के लिए अलार्म बजाया। केबिन क्रू ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरोपी यात्री को दूसरी सीट पर ले जाया गया। जैसे ही फ्लाइट नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरी, केबिन क्रू ने आरोपी यात्री को सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स अधिकारियों के हवाले किया। बाद में, सीआईएसएफ अधिकारियों ने उसे हवाई अड्डा थाने को सौंप दिया। उसके खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की आगे की जांच जारी है।

## एंटी क्राइम ड्राइव में छह आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता :** शहर में चलाए जा रहे एंटी क्राइम ड्राइव और ऑन रोड पुलिसिंग अभियान के तहत डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) की वॉच सेक्शन टीम ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपियों को पार्क सर्कस इलाके से तथा चार आरोपियों को हेस्टिंग्स क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, पहली कार्रवाई गिरीश पार्क थाना क्षेत्र के केस संख्या 13, दिनांक 20.01.2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत की गई। इस मामले में मोहम्मद शहनवाज उर्फ सनी (32), निवासी कॉन्वेंट लेन, थाना एंटाली तथा मोहम्मद समीर उर्फ देबो (22), निवासी कॉन्वेंट लेन, एंटाली को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई जोरासांको थाना क्षेत्र के केस संख्या 09, दिनांक 14.01.2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत की गई। इस मामले में अनिल रामजू सलात (35), धीरू कालोभाई सलात (20), समीरभाई सलात (22) और राजू कुमार (35) को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी गुजरात के आनंद जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सभी आरोपियों को रविवार यानि आज न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## श्रीरामपुर पहुंची डच पर्यटकों की टीम, चौथी बार सीएम बनने की दी अग्रिम बधाई : शाकिर

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के ऐतिहासिक शहर श्रीरामपुर में डच पर्यटकों की एक टीम पहुँची। फ्रांसीसी एवं डच शासनकालीन इतिहास की जानकारी लेने आए इन पर्यटकों ने ऐतिहासिक डच हाउस का अवलोकन किया और उससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों में गहरी रुचि दिखाई।

इस दौरान स्थानीय पार्षद शाकिर अली भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने पर्यटकों को डच हाउस सहित श्रीरामपुर और आसपास के क्षेत्रों के औपनिवेशिक इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मीडिया से बातचीत में पार्षद शाकिर अली ने बताया कि विदेशी पर्यटकों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले ही चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए अग्रिम



बधाई दी। पर्यटकों का कहना था कि ममता बनर्जी की छवि देश में एक सशक्त विपक्षी नेता के रूप में उभर रही है। पार्षद ने यह भी बताया कि विदेशी मेहमानों ने श्रीरामपुर की ऐतिहासिक धरोहरों की सराहना की और इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आश्चर्य जताया कि विदेशी पर्यटक पश्चिम बंगाल की राजनीति और 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में भी जानकारी रखते हैं। श्रीरामपुर भ्रमण के बाद डच पर्यटकों की टीम चंदननगर के लिए रवाना हो गई।

## ईएम बाईपास से तृणमूल नेता राजू नस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल नेता राजू नस्कर को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे शनिवार की दोपहर ईएम बाईपास के अभिषिक्ता क्रॉसिंग से गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता पुलिस कमिश्नर सुप्रतिम सरकार ने बताया कि प्रमोटिंग से जुड़े विवाद में राजू नस्कर के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप हैं। आरोप है कि एक प्रमोटर को बेलेघाटा में उसके घर से उठाकर पीटा गया। उसे प्रमोटिंग करने पर घर जलाने की धमकी भी दी गई। इस घटना में राजू नस्कर और उसका गिरोह शामिल है। बताया जा रहा है कि गत 5 फरवरी को लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसके बाद, पुलिस ने जांच शुरू की। इस दिन, पुलिस की एक



टीम ने ईएम बाईपास से कार में भागते समय राजू नस्कर की पहचान की और उसकी कार रोककर तृणमूल नेता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तृणमूल नेता को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। हालांकि, तृणमूल नेता ने सभी आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि मैं उस प्रमोटर को नहीं जानता, ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

## एएम/एनएस इंडिया ग्रीन स्टील सर्टीफिकेशन पाने वाली देश की पहली एकीकृत इस्पात कंपनी बनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) इस्पात मंत्रालय की नई ग्रीन स्टील टैक्स-नॉमी के तहत ग्रीन स्टील सर्टीफिकेशन प्राप्त करने वाली देश की पहली एकीकृत इस्पात उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी के हॉट रोल्ड (एचआर) कॉयल्स और शीट्स को 4-स्टार तथा कोल्ड रोल्ड (सीआर) उत्पादों को 3-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। यह प्रमाणन इस्पात उत्पादन में प्रति टन 2.2 टन सीओ2 समतुल्य से कम उत्सर्जन के मानदंड पर आधारित है। कठोर ऑडिट प्रक्रिया के बाद यह मान्यता प्रदान की गई। कंपनी ने प्राकृतिक गैस आधारित डीआरआई प्रक्रिया और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से वर्ष 2015 के बाद कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में 35 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की है।

## दिलीप बिल्डकॉन का मुनाफा बढ़ा, ऑर्डर बुक 29,372 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**कोलकाता :** प्रमुख इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ('डीबीएल') ने वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही के लिए अपने गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने बताया कि वह खनन और अन्य बुनियादी ढांचा खंड में नकद-सृजन परिसंपत्तियों के बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ एक विविधिकृत, बहु-परिसंपत्ति आधारित बुनियादी ढांचा प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित हो रही है। दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दिलीप सूर्यवंशी ने कहा कि कंपनी दीर्घकालिक स्तर पर एक बहु-परिसंपत्ति बुनियादी ढांचा प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित होने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## तमिलनाडु में प्रवासी मजदूर की दर्दनाक मौत, सागर के कमलपुर में शोक की लहर

**कोलकाता :** सागर के कमलपुर क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर की तमिलनाडु में कार्य के दौरान दर्दनाक मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान कमलपुर के दो नंबर कॉलोनी निवासी शक्तिपद दास (आयु लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है। परिवार सूत्रों के अनुसार, कुछ महीने पहले शक्तिपद दास रोजी-रोटी की तलाश में तमिलनाडु के एक ईंट भट्टे में काम करने गए थे। गुरुवार को अचानक परिवार को सूचना मिली कि कार्य के दौरान मिक्सचर मशीन में फंस जाने से उनकी मृत्यु हो गई। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, जैसे ही यह खबर कमलपुर स्थित उनके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

मृतक परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में पर्याप्त काम न मिलने के कारण वे दूसरे राज्य में मजदूरी करने गए थे। अब उनके असामयिक निधन से परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है।

परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या शव को घर लाने के लिए आवश्यक धन की व्यवस्था की है। आर्थिक तंगी के कारण परिजन गहरे चिंतित हैं कि आखिर किस प्रकार उनका पार्थिव शरीर घर लाया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है, ताकि मृतक के परिवार को आवश्यक आर्थिक मदद मिल सके।

## चंदा नहीं देने पर कारोबारी से मारपीट का आरोप, सीसीटीवी में कैद बरानगर के तृणमूल नेता की 'दादागिरी'

**कोलकाता :** चंदा नहीं देने पर एक कारोबारी को घर से जबरन उठाकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप बरानगर के एक तृणमूल नेता पर लगा है। हालांकि संबंधित नेता ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पीड़ित कारोबारी का नाम सुदीप्तो घोष है। वह बरानगर के देशबंधु रोड स्थित एक फ्लैट में रहते हैं और इंटीरियर डिजाइन का व्यवसाय करते हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में बारासात स्थित एक फ्लैट के इंटीरियर कार्य को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। फ्लैट मालिक का आरोप है कि सुदीप्तो ने पैसे लेने के बावजूद काम पूरा नहीं किया। इसी मामले में कथित तौर पर बरानगर के तृणमूल नेता शंकर राउत से मदद मांगी गई।

आरोप है कि शुक्रवार रात शंकर राउत अपने समर्थकों के साथ सुदीप्तो के फ्लैट में घुस गए और वहां हंगामा किया। इसके बाद उन्हें जबरन साथ ले जाकर मारपीट की गई तथा एक लाख रुपये की मांग की गई। पूरी घटना इमारत के सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की भी जानकारी सामने आई है।

सुदीप्तो घोष का दावा है कि तृणमूल नेता के लोग कई दिनों से एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे और पैसे देने से इनकार करने पर यह घटना हुई। उन्होंने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं, शंकर राउत ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि संबंधित कारोबारी ने फ्लैट का काम पूरा नहीं किया और जब पैसे की मांग की गई तो उल्टा उन्हें ही धमकी दी गई। उन्होंने भी इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## जन्मदिन पर जरुरतमंद लोगों को भोजन वितरण

**हावड़ा, समाज्ञा :** मेघा राय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को 150 से भी ज्यादा जरुरतमंद लोगों के प्रतिदिन होने वाले संध्याकालीन भोज के आयोजन में अपना सहयोग दिया। इस भोज का शुभारंभ हावड़ा रेलवे स्टेशन के आस-पास फुटपाथ पर रहनेवाले जरुरतमंद लोगों के लिए चलित वाहन पर हुआ और अंतिम पड़ाव के रूप में प्रतिदिन की भांति गंगा किनारे अवस्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में हुआ। मेघा राय जिनका जन्म हावड़ा में ही हुआ था, उनके पिता कारोबारी अमरनाथ राय और उनकी पत्नी अमिता राय पिछले कई सालों से ऑस्ट्रेलिया में बसे हुए है।

## चुनाव से पहले बीरभूम में 10 ताजा बम बरामद

**बीरभूम :** विधानसभा चुनाव से पहले बीरभूम में बम बरामदगी से हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर पुलिस ने किर्णाहार थाना अंतर्गत काजीपाड़ा गांव से 10 ताजा बम बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उन्हें दोपहर करीब 12 बजे बम जमा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने काजीपाड़ा गांव में छापा मारा। वहां एक तालाब की तलाशी लेने पर एक बाल्टी बरामद हुई। पुलिस को उस बाल्टी के अंदर 10 ताजा बम मिले। बम बरामद करने के बाद पुलिस ने सुरक्षा के लिए घटनास्थल को घेर लिया। यह खबर सीआईडी के बम स्क्वायड को दी गई। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि सुनसान तालाब के किनारे ये बम किसने और किस मकसद से जमा किए थे। पुलिस पूरी जांच कर रही है। इलाके के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## कृष्णानगर में नेशनल हाईवे नंबर 12 पर लॉरी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर कोतवाली थाना अंतर्गत बहादुरपुर में नेशनल हाईवे नंबर 12 पर शनिवार को लॉरी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया है कि इस दिन, सुबह करीब 7 बजे सड़क किनारे एक पिकअप वैन खड़ी थी। उसी समय तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्राइवर को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर और खलासी फरार हैं। इस हादसे की वजह से काफी देर तक जाम लगा रहा। बाद में, पुलिस पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने जानलेवा लॉरी के ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

## मिठाई की दुकान में लगी आग, समय रहते बुझी

**कोलकाता :** कोलकाता के एंटाली थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक मिठाई की दुकान में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना पॉटरी रोड स्थित पी/49 नंबर की एक मिठाई दुकान में करीब दोपहर 1:50 बजे हुई। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और अल्प समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के घायल होने या फंसने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों और नुकसान के आकलन की जांच की जा रही है।

## फुटपाथ पर अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**कोलकाता :** जोरासांको थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 11:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव फुटपाथ पर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना नीलमाधव सेन लेन स्थित 3/2 नंबर मकान के सामने की है। करीब 55 वर्षीय अज्ञात पुरुष को अचेत अवस्था में पाया गया था। उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मामले की जांच जारी है।

# राष्ट्र-निर्माण में आर्य समाज की भूमिका युगान्तरकारी : राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

**'महर्षि महिमा पर्व' के तृतीय दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, बिहार के राज्यपाल ने की आर्य समाज की प्रासंगिकता पर गहन चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्य समाज स्थापना के 150वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय 'महर्षि महिमा पर्व एवं ऋषि बोधोत्सव' के तृतीय दिवस पर शनिवार को वैचारिक प्रखरता और राष्ट्रभक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। कोलकाता के विवेकानंद रोड स्थित रामकृष्ण मंच पर आयोजित इस भव्य समारोह के मुख्य आकर्षण बिहार के राज्यपाल



आरिफ मोहम्मद खान रहे, जिनके सारगर्भित उद्बोधन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के तृतीय दिवस का आध्यात्मिक शुभारंभ प्रातः 8 बजे 'चतुर्वेद शतकम यज्ञ' के साथ हुआ। पंडित योगेशराज उपाध्याय एवं आचार्य राहुल देव शास्त्री के पावन सान्निध्य में वैदिक रीति से आहुतियां प्रदान की गईं। इसके पश्चात, मुख्य सत्र 'राष्ट्र को आर्य समाज की देन' विषय पर केंद्रित रहा। प्रातःकालीन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का समिति के प्रधान, मंत्री एवं समस्त सदस्यों ने अत्यंत उत्साहपूर्ण स्वागत किया। इस सत्र में उनके साथ संविधान विशेषज्ञ लक्ष्मी नारायण भाला, 'चाणक्य वार्ता' के संपादक डॉ. अमित जैन, धर्मपाल आर्य (दिल्ली), प्रकाश आर्य (इंदौर), आचार्य ज्वलंत शास्त्री एवं प्रो. विनय विद्यालंकार जैसे मनीषी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का यथोचित सम्मान किया गया। इस सत्र का कुशल मंच संचालन आचार्य राहुल देव शास्त्री ने किया और दोपहर 1 बजे शांति पाठ के साथ राज्यपाल महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में यह सत्र संपन्न हुआ। प्रसिद्ध भजन-ोपदेशक प्रदीप आर्य की मधुर भजनांजलि ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में समिति के मंत्री दीपक आर्य ने राज्यपाल महोदय सहित समस्त विद्वानों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सामूहिक शांति पाठ के साथ तृतीय दिवस की गतिविधियों को विराम दिया गया। आज इस ऐतिहासिक चार दिवसीय महोत्सव का समापन दिवस (पूर्णाहुति) होगा।



बिहार के राज्यपाल डॉ अशिफ मोहमद खान के साथ सहस्त्रार्जुन जयंती के अध्यक्ष विकास जायसवाल

# स्वामी सहजानंद सरस्वती



प्रो. शिवनाथ पांडेय

आज महाशिवरात्रि के दिन उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के देवा गांव में स्वामी सहजानंद सरस्वती का जन्म हुआ था। 1889 में वह फरवरी की 22 तारीख थी श्र पर भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रतीक व्यक्तित्व स्वामी जी का जन्मोत्सव रामनवमी, कृष्णजन्माष्टमी या तुलसी जंयती की तरह सांस्कृतिक त्यौहार के रूप में शिवरात्रि के दिन मनाया जाता है।

इसी दिन जन्म लिया एवं संन्यास का संकल्प भी। सहजानंद की जीवन यात्रा शिवभक्ति रूपी गंगा से आरंभ होकर समाज सागर में क्रांति का तूफान बनकर उपस्थित हुई श्र उनका धार्मिक 'ऊंकार' ही सामाजिक जहर के प्रतिकार में 'हुंकार' बन गया था श्र विषपायी शिव की तरह समाज के आंगन से जहर मिटाकर अमृत की धारा प्रवाहित करना उनके जीवन का लक्ष्य था श्र

सहजानंद के जीवन के केंद्र में किसान थे श्र एक संन्यासी बनकर ईश्वर की खोज में सारे तीर्थ-स्थलों की खाक छानने वाले तथा धर्मशास्त्रों का मंथन कर नवनीत निकालने वाले सहजानंद ने किसान को ही भगवान के रूप में पाया था श्र उन्होंने अपनी आत्मकथा 'मेरा जीवन संघर्ष' में सबसे अधिक प्रभावित करने वाली जिन तीन घटनाओं की चर्चा की है, वे सभी दलित किसान -मजदूरों से सम्बन्धित हैं श्र सहजानंद ने अपने जीवन को झकझोरने वाली इन तीनों घटनाओं का निष्कर्ष बताते हुए लिखा है: इन्हीं गरीबों की सेवा करते-करते मरना होगा श्र इन्हें छोड़कर मेरे दिल में भगवान कहाँ? मेरे भगवान तो यही हैं (पृष्ठ 429)

अपने इस किसान भगवान की सेवा में उन्होंने कभी किसी से समझौता नहीं किया श्र जमींदारों के विरुद्ध अघोषित युद्ध -रूप में उन्होंने 'किसान सभा' की स्थापना की तथा एक समय ऐसा भी आया जब गांधीजी के प्रभाव से कांग्रेसी बननेवाले सहजानंद ने उनसे सारे संबंधों का अंत कर लिया।

वस्तुतः सहजानंद का एक मात्र लक्ष्य था कि यह देश किसान मजदूर का हो। ध्यान देने की बात यह है कि वे कांग्रेस की देशव्यापी राजनीतिक लड़ाई में 'किसान सभा' द्वारा बाधक भी नहीं होना चाहते थे श्र परन्तु आर्थिक आजादी को छोड़कर

**महाशिवरात्रि के दिन जन्मदिवस के अवसर पर**



सिर्फ राजनैतिक आजादी उन्हें मान्य नहीं थी श्र वे किसानों को साम्राज्यवादी शक्तियों से बचाने के पहले सामंतवादी और पूंजीवादी शक्तियों से मुक्ति दिलाना चाहते थे श्र एक समय आया, जब ब्रिटिश साम्राज्यवादी नीतियों के आधार पर कांग्रेस में भी विभाजन की दरार दिखने लगी श्र इस संदर्भ में स्वामीजी का संबंध नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ पहले से बना हुआ था श्र दोनों ब्रिटिश हुकूमत के साथ समझौता के खिलाफ थे श्र अतः दोनों ने कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन (1940) के समानांतर एक समझौता-विरोधी सम्मेलन आयोजित किया श्र इस सम्मेलन में स्वामीजी स्वागताध्यक्ष थे श्र इस विरोध के कारण 29 अप्रैल 1940 से 7 मार्च 1942 तक हजारी बाग सेंट्रल जेल में उन्हें बंद कर दिया गया श्र उनकी गिरफ्तारी के दिन 29 अप्रैल 1940 को नेताजी ने 'ऑल इंडिया स्वामी सहजानंद डे' के रूप में घोषित किया।

जेल प्रवास के दौरान सहजानंद का ध्यान स्वतंत्रता संघर्ष से अधिक किसान संघर्ष पर केंद्रित रहा श्र उन्होंने अपनी आत्मकथा 'मेरा जीवन संघर्ष' एवं 'गीता ह्रदय' के अलावा किसान संघर्ष पर आधारित 'किसान सभा के संस्मरण', 'किसान कैसे लड़ते हैं', 'किसान क्या करें', 'झारखंड के किसान', 'खेत-मजदूर', 'क्रांति और संयुक्त मोर्चा' जैसी कुल आठ पुस्तकें लिखीं श्र इन पुस्तकों में शोषित- पीड़ित किसान-मजदूरों की दर्द भरी ऐसी दास्तानें हैं जिन्हें सुनकर ह्रदय मर्माहत हो उठता है श्र इनके अलावा 'जमींदारी का खात्मा कैसे हो?' (1946), 'किसानों को फंसाने की तैयारियां'(1946) जैसी पुस्तकों के बाद 1947 में आजादी के बाद 'अब क्या हो' जैसी पुस्तक लिखकर भविष्य के प्रति संकेत किया श्र समाजवाद का चोला पहनकर किसानों को ठगने वाले तथाकथित देशप्रेमी कांग्रेसियों के वास्तविक चरित्र से परिचित कराया श्र 1948 में 'महारुद्र का महातांडव' जैसी पुस्तक लिखकर अपने जीवन-दर्शन का उपसंहार प्रस्तुत किया श्र इस उपसंहार के अनुसार शोषित-पीड़ित सर्वहारा की आवाज ही वह क्रांतिकारी शक्ति है, जो भूकंप लाती है और महारुद्र का महातांडव कराती है श्र

स्वामी सहजानंद सरस्वती ने जिस किसान-मजदूर राज्य का सपना देखा था वह साकार होते नहीं दिखाई दे रहा था श्र उन्होंने इस तथ्य की ओर संकेत किया है श्र 12-13 मार्च 1949 को ढकाइच में आयोजित बिहार प्रांतीय संयुक्त किसान सम्मेलन में उन्होंने कहा था: एक ओर तो चिल्लाते हैं कि किसान -मजदूर राज्य स्थापित करेंगे श्र दूसरी ओर वही लीडर साम्यवाद से इतने भयभीत हैं कि सोते - जागते उसी के सपने देखते और उससे बचने की तरकीब सोचते हैं श्र

स्वामी सहजानंद द्वारा अपने समय की राजनिति का यह पर्दाफाश आज भी प्रासंगिक है श्र उनका जीवन-संघर्ष एक ऐसा प्रकाशस्रोत है जिसके आलोक में हम आज भी अपनी वैयक्तिक, पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान की खोज कर सकते हैं।

# पति से लड़ें पर घर न छोड़ें

निधि बाजपेई

एक दिन पता नहीं मेरी सहेली अर्चना का किस बात पर अपने पति राजेश से झगड़ा हो गया। अर्चना ने आव देखा न ताव, अपनी अलमारी से कुछ कपड़े निकालकर अटैची में रख लिए और बोली, 'मैं जा रही हूं अपने मायके। दस बार नाक रगड़ोगे, तब भी नहीं आऊंगी।' अर्चना अटैची उठाकर जाने लगी।

उसके पति ने उसे रोकने की कोशिश भी की पर उसने कहा, 'अब कहने सुनने के लिए रह ही क्या गया है। तुम्हें मेरी जरूरत ही नहीं है तो क्यों रहूं मैं तुम्हारे साथ। मेरे मां-बाप अभी जिंदा हैं और मुझे खिला सकते हैं।' राजेश ने बहुत मनाया पर वह नहीं मानी और चली गई। अर्चना का मायका उसी शहर में था और वह हमेशा वहां आयाजाया करती थी मगर इस बार वह जिस तरह से आई तो उसके माता-पिता को यह समझने में देरी नहीं लगी कि उनकी लाडली पति से रूठ कर आई है।

▲ पति-पत्नी एक गाड़ी के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरे का काम नहीं चल सकता। थोड़ी सी तकरार तो दांपत्य जीवन में जरूरी है लेकिन इससे अपने संबंधों में दरार नहीं पड़नी चाहिए।

▲ पति पत्नी के बीच लड़ाई-झगड़े तो होते ही रहते हैं और उसके बाद वे अपने गिले-शिकवे भूल जाते हैं लेकिन क्रोध में आकर मायके चले जाना बुद्धिमानी नहीं है। अगर आप सोचती हैं कि मायके जाने के बाद पति आपको मनाकर ले जाएगा, तभी आपकी जीत होगी तो बिल्कुल गलत है।

▲ यदि थोड़ी सी समझ से काम लें तो ऐसी स्थिति नहीं आएगी। बार-बार रूठ कर मायके आना ठीक नहीं है। मायके वालों को भी बुरा लगेगा और फिर आप कितने दिन मायके में रह सकती हैं।

▲ यदि आपस में कभी टकराव हो भी जाए तो समझौता कर लेने में ही दोनों की समझदारी है। यदि किसी से कोई गलती होती भी है तो उसे मान लेना चाहिए।

▲ परिवार तो आपसी समझदारी और एक-दूसरे के प्रति आदर सम्मान पर ही टिका रहता है। परिवार की भलाई भी इसी में है कि एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करें। (उर्वशी)

## उन्हें भी हँसी आती है



अवन्तिका प्रसाद राय

उन्हें भी हँसी आती है-
दर्द में पड़े हुए कराह पर
किसी अपाहिज की अक्षमता पर
किसी के रंग पर, रूप पर,
देशज बोली पर
किसी के दौर्बल्य पर
किसी के ढमिला जाने पर
वे हँसते हैं

छोटी-छोटी मानवीय त्रुटियों पर
उन्हें रगड़ा में आनन्द आता है।
वे झगड़ों में आनन्दित होते हैं
व्यसन उनके आनन्द का सबब है
उन्हें ढहती हुई मनुष्यता
आनन्दित करती है
वहे चकमा देकर आनन्द लेने के आदी
हैं
उन्हें चालाक लोग परन्द हैं

और सीधापन उन्हें घण्टों हँसाता है,
सच मानिए
उन्हें बेहद मार्मिक प्रसंग हँसा देते हैं
वे हिंसा में आनन्द लेने वाले लोग हैं

मैंने उन्हें करीब से देख है
उनके ऊपर हँसने वालों को लेकर
वे बेहत चौकन्ने और अनुदार होते हैं

# ऐसे करें प्रभावित साथी के माता-पिता को



यदि आप अविवाहित हैं और शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं तो अपने साथी को प्रसन्न रखना और उस पर अच्छा प्रभाव बनाए रखना दोनों के लिए आवश्यक होता है पर उनके माता-पिता पर भी आपका प्रभाव अच्छा बना रहे, इसके लिए ध्यान रखें कुछ महत्वपूर्ण बातों पर।

■ एक दूसरे के माता-पिता पर विश्वास जमने में तो काफी समय लगता है पर आप प्रारम्भ से अपनी जिम्मेवारी को निभाएं चाहे वो आपके ब्वाय फ्रेंड या गर्लफ्रेंड के माता-पिता ही क्यों न हों।

■ जब भी उनसे मिलें, कपड़े व्यवस्थित और साफ सुथरे होने चाहिए।

■ हमेशा उसके माता-पिता का अभिवादन मैत्री पूर्ण और आदर सहित करें।

■ यदि आप अपने मित्र या साथी के घर पर रात्रिभोज के लिए जा रहे हों तो समय पर पहुंचें। खाना आराम से खाएं। खाने के बाद अच्छी प्रकार से अपने हाथ और मुंह को साफ करें। खाने की प्रशंसा करना न भूलें। हो सके तो अपनी सहायता उन्हें ऑफर करें और अंत में अच्छे भोजन के लिए धन्यवाद कहना न भूलें।

■ किसी कारणवश आप डिनर या लंच पर नहीं जा सकते या देर से जाना हो तो ऐसे में उन्हें इसकी सूचना पहले दे दें।

■ लड़कों को विशेष ध्यान देना चाहिए कि जब आप उनके यहां किसी पार्टी में जाएं तो शराब न पिएं। यदि पानी पड़े तो एक ही पेग को लेकर आराम से पिएं। आपने पहले कभी शराब न पी हो तो मत पिएं। उनसे शालीनता-पूर्वक माफी मांग लें।

■ विवाह से पूर्व या अपने फ्रेंड के माता-पिता के यहां रात कभी न रहें।

■ उनके घर पर हैं तो लगातार टीवी पर ही समय न बिताएं। कुछ कंस्ट्रक्टिव बातें करें जैसे लड़की है तो टी वी सीरियल्स, कुकरी, पेंटिंग्स, पिक्चर आदि पर बातें करें, लड़का हैं तो करंट अफेयर्स, कुछ जनरल, स्पोर्टस आदि पर चर्चा हो सकती है।

■ बातों का अंदाज सामान्य रखें। ऐसा न लगे कि आप बोल कुछ और रहे हैं और दिल में कुछ और घूम रहा है।

■ घर में अधिक तांक झांक न करें। न तो जरूरत से अधिक बोलें और न ही शर्माएं। (उर्वशी)

# कैसे करें बच्चों की देखभाल घर से बाहर

नीतू गुप्ता

बच्चों को किसी भी मौसम में बाहर ले जाना बहुत मुश्किल होता है। हर मौसम में उचित देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। आइए देखें बाहर जाते समय बच्चों को कैसे ले जाया जाए ताकि मुश्किल आसान लगे-

◆ बच्चों को तेज़ धूप और तेज हवा से दूर रखना चाहिए। यदि मजबूरीवश धूप में जाना पड़े तो सिर पर टोपी, शरीर पर सूती हल्के वस्त्रा हल्के रंग के पहनाएं।

◆ धूप पर बाहर जाने से पहले बच्चों की बाजू व टांगों पर कपड़े अवश्य पहनाएं।

◆ धूप पर बाहर जाने से पहले बच्चों की बाजू, टांगों, चेहरे और गर्दन पर सनस्क्रीन लोशन लगाएं।

◆ बच्चों को हमेशा छाया वाले स्थान पर रखें। किसी भी मौसम में तेज धूप चेहरे पर न आए, इसका ध्यान रखें।

◆ बच्चों को मौसमानुसार वस्त्रा डालकर बाहर ले जाएं। अधिक सर्दी होने पर पूरे गर्म कपड़े पहनाएं और गर्मी में सूती हल्के वस्त्रा जो आसानी से पसीना सोख लें। अधिक गर्मी में बच्चों के वस्त्रा दिन में तीन चार बार बदलें।

◆ बच्चों को अधिक परिश्रम वाले व्यायाम एक दम शुरू न कराएं। धीरे धीरे व्यायाम बढ़ाएं।

◆ गर्मी में बच्चों को पानी अधिक मात्रा में दें ताकि पसीना अधिक निकलने पर शरीर में पानी की कमी न हो।

◆ बाहर जाते समय बच्चों के लिए पानी अपने साथ लेकर निकलें तथा खाने-पीने का सामान जैसे बिस्कुट, नमकीन, चिप्स आदि साथ रखें ताकि भूख प्यास लगने पर इधर उधर झांकना न पड़े।

◆ अपने साथ बैंड एड, थोड़ी रूई और एंटीसेप्टिक क्रीम साथ रखें। रास्ते में कहीं बच्चों को चोट लग जाने का प्रयोग में ला सकते हैं।

◆ स्वीमिंग पूल आदि में बच्चों को अकेला न छोड़ें। निर्देशक के सहारे ही छोड़ें।

◆ बच्चों के शरीर पर परफ्यूम या तेज सुगन्ध वाले साबुन का प्रयोग न करें।

◆ छोटे बच्चों को कार में ले जाते समय अपनी गोद में बैठाएं। थोडे. बड़े बच्चे को पीछे वाली सीट पर बैठाएं और बच्चे को समझाएं कि अपनी बैक सीट के साथ लगा कर रखें।

◆ बच्चों के साथ सफर करते समय या पिकनिक पर साथ सुथरे स्थान पर खाना खाएं।

◆ दूर स्थान पर जाना हो तो बच्चों के मनोरंजन हेतु छोटा ट्रांजिस्टर, लूडो, सांप सीढ़ी, ब्लॉकस आदि गेम साथ में रखें ताकि बच्चे रास्ते में बोर न हों।

◆ सर्दियों में बच्चों की खुली त्वचा पर कोल्ड क्रीम लगाएं।

◆ सर्दियों में बच्चों को कपड़ों से लादें नहीं। उचित गर्म वस्त्र पहनाएं।

◆ नुमाइश या मेले में बच्चों को अपने से अलग न रखें।

◆ बच्चों को बचपन से स्वच्छ रखें ताकि बड़े होकर उनमें यह आदत बनी रहे। (उर्वशी)

# कुछ नुस्खे: सौंदर्य बढ़ाने के

पंकज कुमार 'पंकज'

खूबसूरत दिखना भला किसे अच्छा नहीं लगता। प्रयत्न भी कमोबेश सभी करते ही हैं। हां, महिलाओं में यह आकांक्षा कुछ ज्यादा ही होती है। नारी प्रकृति की सर्वोत्तम रचनाओं में से एक है, इसमें कोई शक नहीं।

प्रकृति जिस प्रकार सुंदर फूलों की रचना करती है लेकिन समय के साथ-साथ वे भी मुरझाने लगते हैं, ठीक उसी प्रकार तीस-पैंतीस वर्ष की अवस्था के बाद नारी शरीर में तेजी से परिवर्तन होने लगता है। शरीर में कमजोरी और सौंदर्य का ह्रास होने लगता है। यह स्वाभाविक प्रक्रिया है, अतः घबराने की बात नहीं।

यदि आप अपने ऊपर थोड़ा सा भी ध्यान दे सकती हैं तो आप वर्षों जवां दिख सकती हैं। बस जरूरत है कुछ नुस्खे अपनाने की। विभिन्न प्रकार के बाजारू सौंदर्य प्रसाधनों से अपने चेहरे को कुछ समय के लिए तो आकर्षक बनाया जा सकता है लेकिन यदि वास्तविक और स्थायी सौंदर्य चाहिए तो कुछ प्राकृतिक नियम व नुस्खे अपनाना ज्यादा श्रेयस्कर है यथा:

✒ बनी-बनाई क्रीम में रासायनिक तत्व ज्यादा होते हैं जो त्वचा पर तत्काल प्रभाव डालते हैं जिससे अस्थायी सौंदर्य तुरंत प्राप्त होता है। इसकी बजाए घर पर रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली मसूर दाल, दूध, हल्दी, बादाम, तिल के तेल, चना का बेसन आदि द्वारा खुद तैयार किए गए उबटन का नियमित प्रयोग सौंदर्य देता है।

✒ नियमित व्यायाम शरीर को सुडौल और चुस्त-दुरूस्त रखने में सहायक है।

✒ जितना संभव हो, अपने-आप को व्यस्त रखना चाहिए। इससे शरीर के सारे अंग संचालित होते हैं और रक्त-संचरण सामान्य रहता है जिससे शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। ज्यादा देर तक बेकार बैठे रहने की आदत से काम करने की क्षमता कम होती है और शरीर बेडौल होता जाता है।

✒ संभव हो तो हर अंग का अलग से नियमित व्यायाम करें जैसे नहाते समय यदि चंद पल मुंह में पानी भर कर रखा जाय तो इससे शिराओं का व्यायाम होता है जिससे चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती।

✒ फैशन के नाम पर तंग कपड़े पहनना आम बात है। यह मांसपेशियों पर अनावश्यक दबाव डालता है जो कई परेशानियों को जन्म देता है। हल्के और आरामदेह कपड़े शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक हैं।

✒ खासकर गर्मियों में आंखों को ठंडे जल से धोना बहुत राहत पहुंचाता है। आंखों में गुलाबजल डालने से भी आराम मिलता है। खाने में आंवले और बादाम के व्यंजन आंखों को स्वस्थ रखने में लाभकारी हैं।

✒ भरपूर नींद भी आवश्यक है, अतः रोज छः से आठ घंटे सोने के लिए भी वक्त निकालना चाहिए।



✒ तनाव में जीना शीघ्र ही बुढ़ापा ला देता है, अतः व्यापक दृष्टिकोण अपनाइए। तनाव से मुक्ति मिलेगी।

✒ भोजन में ज्यादा से ज्यादा ताजे मौसमी फल और हरी सब्जियों का प्रयोग लाभकारी है।

✒ अमेरिका के जाने-माने मनोवैज्ञानिक रोबर्ट होल्डन के अनुसार हंसना भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह जवान और जोशीला बनाए रखता है। महात्मा गांधी ने भी इसे स्वीकारा है। (स्वा. द.)

# अंतर्शोधन का महापर्व है महाशिवरात्रि



डॉ घनश्याम बादल

**चेतना,संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का उत्सव**

भारतीय सभ्यता के सांस्कृतिक पंचांग में महाशिवरात्रि केवल एक पर्व मात्र नहीं अपितु एक गहन दार्शनिक उद्घोष है। एक ऐसी रात्रि जिसमें अंधकार भी प्रकाश का रूप ले लेता है और मौन भी साधना का स्वर बन जाता है।

महाशिवरात्रि का पर्व शिव को किसी मूर्ति, रूप या सीमित आस्था तक नहीं बाँधता, बल्कि उन्हें 'तत्त्व' के रूप में स्थापित करता है- चेतना, संतुलन, विनाश में सृजन और स्थिरता में गति के प्रतीक के रूप में। महाशिवरात्रि का अर्थ केवल 'शिव की रात्रि' नहीं, बल्कि 'महाशिवत्व की रात्रि' है। शिव और महाशिव के अंतर को रेखांकित करने का यह अकेला पर्व है जहां शिव सबका हित साधते हुए कल्याण करते हैं वहीं 'महाशिव' सृष्टि के तीनों लोकों का कल्याण करते हैं भले ही उसके लिए सृजन के साथ-साथ विसर्जन का भी सहारा क्यों न लेना पड़े।

महाशिवरात्रि वह पर्व है जहाँ से मनुष्य अपने भीतर के अराजक, विक्षुब्ध और असंतुलित तत्वों को साधकर चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है।

**शिव, देव नहीं, दर्शन :**

भारतीय दार्शनिक परंपरा में शिव एक आराध्य भर नहीं, बल्कि एक अवधारणा हैं। वे संहारक भी हैं और संरक्षक भी, वैरागी भी हैं और गृहस्थ भी, अचल भी हैं और नटराज के रूप में सृष्टि के गतिशील केंद्र भी। यही द्वंद्वात्मक संतुलन शिव को विशिष्ट बनाता है। शिव का 'तांडव' विनाश का उन्माद नहीं, बल्कि जड़ता के विरुद्ध चेतना का विद्रोह है। उनका 'वैराग्य' पलायन नहीं, बल्कि आसक्ति से मुक्ति का दर्शन हैऔर महाशिवरात्रि इसी दर्शन का उत्सव है। जहाँ भक्त केवल पूजा नहीं करते, बल्कि स्वयं को 'आत्मशोधन' की प्रक्रिया में प्रविष्ट करते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व बाहरी अनुष्ठान से अधिक आंतरिक साधना का आह्वान है।

**आध्यात्मिक अर्थ :**

**तमसो मा ज्योतिर्गमय:**

**महाशिवरात्रि की रात्रि प्रतीक है-** अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर यात्रा का। शिव यहाँ प्रकाश के स्रोत नहीं, बल्कि वह अवस्था हैं जहाँ प्रकाश और अंधकार का द्वैत समाप्त हो जाता है। यही कारण है कि यह पर्व रात्रि में मनाया जाता है, जब बाहरी जगत शांत होता है और भीतर का संसार जागृत होने लगता है। योगिक परंपरा में यह रात्रि चेतना के उत्कर्ष की रात्रि मानी जाती है। ध्यान, मौन, उपवास और जागरण ये सभी प्रक्रियाएँ शरीर से अधिक मन और चेतना को साधने के उपकरण हैं।

**सांस्कृतिक संदर्भ :**

**लोक से लोकातीत तक**

महाशिवरात्रि भारतीय समाज में लोक और लोकातीत के संगम का पर्व है। एक ओर गाँवों में मेले, लोकगीत, भजन-कीर्तन, कांवड़ यात्राएँ और शिव बारात की परंपराएँ हैं, तो दूसरी ओर तपस्वियों, साधुओं और योगियों की गहन साधना। यह पर्व बताता है कि भारतीय संस्कृति में धर्म केवल मंदिरों व शिवालयों तक सीमित नहीं, बल्कि लोकजीवन का स्वाभाविक अंग है।

शिव यहाँ जनदेवता हैं भोलेनाथ, औघड़दानी, भोले शंकर जो राजाओं के नहीं, आम जन के आराध्य हैं और इसीलिए वे निधन से निर्धनतम भक्ति की हर भेंट स्वीकार करते हैं वे ऐसे अकेले देव हैं जो केवल



बेलपत्र और गंगाजल मात्र से ही प्रसन्न होकर लोक कल्याण करने को तत्पर रहते हैं। जो स्वयं विषपान करके त्रिलोक को अमृत तत्व देते हैं। यही लोकधार्मिता भारतीय परंपरा की विशिष्ट पहचान है और इसी गुण की वजह से शिव देव नहीं महादेव कहलाते हैं देवों के देव कहे जाते हैं।

**धार्मिक प्रतीक**

शिव कोई पत्थर की प्रतिमा नहीं नहीं शिवलिंग कोई पत्थर का टुकड़ा है बल्कि शिवलिंग निराकार और साकार का संगम है जीवन की उत्पत्ति और निरंतरता का प्रतीक है। शिव की जटाओं से बहती हुई गंगा ज्ञान की धारा है जो अनवरत और सतत बहती है, शिव के शरीर पर लगी भस्म अहंकार के क्षय की प्रतीक है और उनके गले का नाग ऊर्जा के नियंत्रण का प्रतीक है, शिव का डमरू सृष्टि की लय, त्रिशूल, त्रिगुणों पर नियंत्रण का प्रतीक है। यें सभी प्रतीक शिव को केवल देवता नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-दर्शन के रूप में स्थापित करते हैं। महाशिवरात्रि इन प्रतीकों के माध्यम से मनुष्य को स्मरण कराती है कि जीवन का लक्ष्य केवल भौतिक उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और चेतन विकास है।

**शिवत्व की प्रासंगिकता**

आज का समाज तेज़ी, प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावाद और मानसिक तनाव से ग्रस्त है। मनुष्य तकनीकी रूप से समृद्ध है, पर मानसिक रूप से असंतुलित। ऐसे समय में शिव का दर्शन और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। शिव का संदेश है, सरलता, संतुलन और संयम। शिव सिखाते हैं कि विकास बिना विनाश के संभव नहीं और सृजन बिना त्याग के अधूरा है।

आज जब प्रकृति का दोहन चरम पर है, तब शिव का प्रकृति-केन्द्रित जीवन दर्शन पर्यावरणीय चेतना का भी संदेश देता है। कैलाश से लेकर हिमालय तक शिव की उपस्थिति मनुष्य और प्रकृति के सह-अस्तित्व का प्रतीक है। सार रूप में कहें तो शिव सृजन एवं विसर्जन के संगम हैं। उनका मानना है कि जब तक सृजन को परिशोधित नहीं किया जाएगा तब तक वह सार्थक नहीं होगा और उसके परिशोधन हेतु इसका आंशिक या पूर्ण रूप से विसर्जन ज़रूरी हो जाता है क्योंकि एक सृजन के विसर्जन के बाद ही नया सृजन आता है।

महाशिवरात्रि आज केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, आत्मसंयम, सामाजिक संतुलन और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक पर्व बन सकती है।

**महाशिवरात्रि : हर क्रिया है एक प्रतीक :** इस पर्व पर होने वाली क्रियाएँ केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक साधनाएँ हैं। उपवास इंद्रिय संयम और आत्मनियंत्रण का अभ्यास है।

जागरण चेतना की जागृति, आत्मनिरीक्षण की प्रक्रिया। तो रुद्राभिषेक जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, भस्म आदि से शिवलिंग का अभिषेकप्रकृति और मानव का समन्वयन है।

मंत्र जप (ॐ नमः शिवाय) ध्वनि के माध्यम से चेतना का संतुलन क्या जाता है। ध्यान व मौन - आंतरिक संवाद की साधना है और भजन-कीर्तन सामूहिक चेतना का उत्सव है। ये सभी क्रियाएँ व्यक्ति को बाहरी पूजा से भीतर की यात्रा की ओर ले जाती हैं। शिव हमें सिखाते हैं कि जीवन संघर्ष है, पर संघर्ष में भी संतुलन संभव है।

महाशिवरात्रि का संदेश है कि सच्ची साधना मंदिरों में नहीं, बल्कि मन के भीतर होती है; सच्चा शिव बाहर नहीं, भीतर जाग्रत होता है।

## रेसिपी कार्नर: पौष्टिक नाश्ते और स्नैक्स

आपका Kitchen

सुनीता गाबा

### पौष्टिक नमकीन दलिया

**सामग्री:-** 1 कटोरी दलिया, 1/3 कटोरी मूंग की धुली दाल, 1 गाजर, 1 आलू, मटर के कुछ दाने 1 शिमला मिर्च, 1 प्याज, 2 टमाटर, धनिया कटा हुआ, नमक, काली मिर्च, हल्दी स्वादानुसार, बड़ा चम्मच तेल, जीरा।

**विधि:-** दाल को साफ कर धो लें। कुकर में तेल डाल कर जीरा भून लें, फिर सब कटी सब्जियां एक साथ डाल दें। धनिया अपने पास रख लें। सब्जियां भुन जाने पर नमक, मिर्च हल्दी दलिया और दाल मिला कर भून लें। फिर इसमें पांच कटोरी पानी मिला दें। एक प्रेशर आने तक कुकर बंद कर सीटी लगाएं। प्रेशर निकल जाने पर उस पर कटी धनिया डालकर गर्मागर्म दही के साथ खाने को परोसें। इसकी दूसरी विधि इस प्रकार है।

दाल और दलिया साफ कर धोकर कुकर में पानी डालें। सीटी आने तक रखें। जब तक स्टीम निकलती है, कड़ाई में तेल डाल जीरा चटकाएं और सब्जियां डाल कर भूनें। ध्यान रखें इसमें उबला आलू डालें। सब्जियां भुन जाने पर नमक, मिर्च, हल्दी डालकर उबला हुआ दाल दलिया डालें। अच्छी तरह मिला कर धनिया डाल परोसें।

### पनीर-चने की पौष्टिक टिक्की



**सामग्री:-** 150 ग्राम पनीर, 500ए ग्राम काले चने, बारीक कटा हुआ धनिया और हरी मिर्च, थोड़ा सा अदरक का पेस्ट, नमक, अमचूर, गर्म मसाला स्वादानुसार, तलने के लिए 2 चम्मच बड़े तेल के।

**विधि:-** पनीर कद्दूकस कर लें। चने रात भर भिगोकर रखें। सुबह उन्हें गलने तक उबाल लें। उबले चने, पनीर, अदरक, मिर्च, धनिया, सभी मसाले मसल कर मिला दें। फिर उनकी छोटी लोइयां बना कर रख लें। नॉन स्टिक पैन में हल्का सा तेल डालकर लोइयों की टिकियां बना कर पैन में डाल दें। सुनहरा होने तक दोनों तरफ सेंकें। जब टिक्की करारी हो जाए तो धनिया चटनी, खट्टी मीठी चटनी या सॉस के साथ गर्मगर्म परोसें।

### पौष्टिक मिक्स दाल इडली

**सामग्री:-** 1 कप धुली उड़द दाल, 1/2 कप चना दाल, 1 कप चावल, 1/2 कप सूजी, 1 ) कप दही, 6-7 करीपत्ते, चुटकी भर सोडा, 1 चम्मच अदरक पेस्ट, थोड़ा बारीक कटा धनिया और हरी मिर्च, 2 चम्मच तेल, नमक और काली मिर्च स्वादानुसार।

**विधि:-** चावल और उड़द धुली दाल को 4 घंटे पहले इकट्ठा भिगो दें। मूंग धुली और चना दाल, दोनों को मिला कर भिगो दें। मूंग धुली, चना दाल के मिश्रण को बारीक पीसें। उड़द दाल-चावल के मिश्रण को दरदरा पीसें। अब सब मिश्रण को मिलाकर उसमें सूजी अदरक पेस्ट, धनिया, हरी मिर्च, करीपत्ता, दही, सोडा मिला कर फेंट लें। फिर इसे 5-6 घंटों के लिए गर्म स्थान पर ढक कर रख लें। इडली बर्तन में पहले पानी उबालें, फिर सांचों में थोड़ा तेल चुपड़ कर मिश्रण डाल कर लगभग 10 मिनट तक मध्यम आंच पर पकने दें। गर्मागर्म पौष्टिक इडली चटनी के साथ परोसें।

### मिक्सड फ्रूट योगर्ट

**सामग्री:-** 500 ग्राम दही, 500 ग्राम केला, पपीता, स्ट्रबेरी का गूदा, पिसी हुई चीनी 3 चम्मच, 1/2 चम्मच इलायची पाउडर।

**विधि:-** दही को पतले साफ कपड़े में बांध कर लटका दें। पानी निकल जाने पर उसे ब्लैंड कर अलग से रख दें। फिर केला, पपीता और स्ट्राबेरी के गूदे को भी पिसी हुई चीनी और इलायची डालकर ब्लैंड कर लें। दही इसमें मिक्स कर फ्रिज में ठंडा होने रख दें। ठंडा होने पर आइसक्रीम कप में परोसें। ऊपर 1-1 चैरी सजा कर पेश करें। (उर्वशी)

## मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 'गोवा कार्निवल' की शुरुआत की

**पणजी :** 'गोवा कार्निवल' शनिवार को 'किंग मोमो' (एक प्रतीकात्मक राजा) के नेतृत्व में परेड के साथ शुरू हुआ। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजधानी पणजी में मांडोवी नदी के किनारे स्थित डी.बी. बंदोडकर रोड पर चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे और पणजी के महापौर रोहित मोंसेरेट भी उपस्थित थे। परेड का नेतृत्व गोवा पर्यटन विभाग द्वारा डिजाइन की गई किंग मोमो की झांकी ने किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परेड में 30 से अधिक झांकियां शामिल थीं, जिससे उसे पारंपरिक रंगत मिली। सावंत ने संवाददाताओं से बातचीत में कार्निवल को गोवा की विशिष्ट पहचान वाला उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि अगले तीन दिनों में राज्य भर में आयोजित होने वाली परेड को लाखों लोग देखेंगे। परेड की शुरुआत ओल्ड सेक्रेटेरिएट भवन के पास से हुई और दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने के बाद कला अकादमी के पास इसका समापन हुआ। परेड देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की काफी भीड़ उमड़ी थी।

## देश आत्मनिर्भर नहीं, 'ट्रंप पर निर्भर' होता दिख रहा है: सिब्बल

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शनिवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आत्मनिर्भर बनाने के दावों के बावजूद देश अब ट्रंप पर निर्भर होता दिख रहा है। सिब्बल ने सरकार पर यह आरोप भी लगाया कि उसने भारत की विदेश और आर्थिक नीतियों को अमेरिका के हिसाब से तय करने पर सहमति जताई है, जो भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। निर्दलीय सांसद ने संवाददाताओं से कहा, हम लगातार आत्मनिर्भर की बात सुनते रहे, अब लगता है कि यह 'ट्रंप पर निर्भर' हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' और केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों 'कर्तव्य भवन 1 और 2' का उद्घाटन किया, साथ ही पूछा कि लेकिन क्या उन्होंने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है?

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ऑस्ट्रेलिया की चार दिवसीय यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार से चार दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर जाएंगे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता में संयुक्त रूप से योगदान देने के तौर-तरीकों का पता लगाना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ व्यापक वार्ता करेंगे, जिसमें विशेष रूप से प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को और मजबूत करना तथा दोनों देशों के बीच बढ़ते तालमेल को सुदृढ़ करना है। कैनबरा में, जनरल द्विवेदी ऑस्ट्रेलियाई सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट के साथ बैठक करेंगे।

## बांग्लादेश में नयी सरकार बनने के बाद भारत के साथ संबंध बेहतर होने की उम्मीद: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में नयी सरकार बनने के बाद भारत के उसके साथ संबंध बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में स्थिरता से भारत को लाभ होगा। श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक एग्रीटेक महोत्सव 'गोंगुल' के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा, हमारे पड़ोसी देश जितने अधिक स्थिर होंगे, उतना ही हमें फायदा होगा। कोई भी देश युद्ध या अपने किसी पड़ोसी देश को अस्थिर नहीं देखना चाहता फिर चाहे वह बांग्लादेश हो, श्रीलंका, नेपाल या कोई अन्य देश हो। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि बांग्लादेश में लोकतंत्र कायम रहे और वह स्थिर तथा समृद्ध बने। अब्दुल्ला ने कहा हमें उम्मीद है कि वहां सरकार गठन के बाद दोनों देशों के रिश्ते सुधरेंगे, जिनमें कुछ कड़वाहट आ गई थी।

# राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलकर गुमराह करो, जनता जान चुकी है: अमित शाह

**कराईकल (पुडुचेरी) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। शाह ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर ''झूठ'' बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और ''भ्रम'' पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। शाह ने पुलवामा हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ 'सर्जिकल स्ट्राइक' और इसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की।



उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने ''रोजाना झूठ बोलने की एक नयी परंपरा शुरू कर दी है।'' शाह ने राहुल से कहा कि वे ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ-साथ अमेरिका के साथ हुए हालिया समझौतों की बारीकियों को 'ध्यानपूर्वक' पढ़ें। समझौतों को लेकर कांग्रेस सांसद ने तीखे हमले किए थे। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं।'' पुडुचेरी में चुनाव नजदीक आने के बीच शाह ने आर-ोप लगाया, ''राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है।'' शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की ''100 प्रतिशत सुरक्षा'' सुनिश्चित की है।

## मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत, तीन अन्य घायल

**मुंबई :** मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-4 के पुल का स्लैब अचानक नीचे गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास हुआ। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12:15 बजे गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक हिस्सा ऑटो रिक्शा और एक स्कोडा कार पर आ गिरा, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।दमकल विभाग ने बताया कि ऑटो में सवार रामधन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। राजकुमार इंद्रजीत यादव (45), महेंद्र प्रताप यादव (52) और दीपा रुहिया (40) घायल हो गए। राजकुमार की हालत गंभीर है और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है।परियोजना का क्रियान्वयन कर रहे मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास



### मुख्यमंत्री फडणवीस ने गहन जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया

प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने कहा कि स्लैब 'खंभा संख्या 196' के पास गिरा। भाजपा विधायक मिहिर कोटेचा ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले ही निर्माण कार्य में खामियों की शिकायत की थी और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की थी।देवेंद्र फडणवीस ने मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये की सहायता देने और घायलों के इलाज का खर्च उठाने की घोषणा की। उन्होंने सभी निर्माण स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देश दिया। विपक्षी नेता आदित्य ठाकरे समेत अन्य नेताओं ने घटना पर सरकार को घेरा और जवाबदेही तय करने की मांग की।

## दस महीने की बच्ची केरल की सबसे कम उम्र की अंगदाता बनी

**तिरुवनंतपुरम :** केरल में सबसे कम उम्र की अंगदाता बनी 10 महीने की बच्ची के निधन पर शनिवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने शोक व्यक्त किया और माता-पिता द्वारा उसके अंगदान करने के निर्णय की सराहना की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने माता-पिता के इस उदार भाव को 'दया का एक असाधारण कार्य और पूरी मानवता के लिए एक संदेश' बताया। आलिन शेरिन अब्राहम पांच फरवरी को कोट्टायम के पल्लम के पास एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर बृहस्पतिवार को चिकित्सकों ने उसे 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि उसके माता-पिता की सहमति से उसके छह अंगों को दान किया गया, जिससे वह राज्य की सबसे कम उम्र की अंगदाता बन गई। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में कहा कि वह अरुण अब्राहम और शेरिन एन जॉन के फैसले से 'बेहद भावुक' हैं, जिन्होंने एक दुर्घटना में अपनी बेटी की दुखद मृत्यु के बाद उसके छह अंग दान करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''अपने निस्वार्थ निर्णय से उन्होंने दूसरों को जीवन और आशा का उपहार दिया है। नन्ही आलिन की आत्मा को शाश्वत शांति मिले। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।''

## दूसरों को देश विरोधी कहने वाली सरकार सैनिकों की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ कर रही है : राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना और विकलांगता पेंशन से जुड़े मुद्दे का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि दूसरों को देशविरोधी कहने वाली सरकार देश के सैनिकों की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ कर रही है, जो उसका नैतिक पतन भी है। राहुल ने अपने जनसंसद कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के एक समूह से मुलाकात के बाद सरकार पर निशाना साधा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पिछले कुछ महीनो से समाज के अलग-अलग वर्गों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करते हैं और इस मुलाकात को उन्होंने जनसंसद कार्यक्रम नाम दिया है। राहुल गांधी ने पूर्व सैनिकों से



मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए फेसबुक पर पोस्ट किया, जनसंसद में भारत के पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई, उनकी पीड़ा सुनकर मन व्यथित है। जब कोई जवान देश के लिए अपना शरीर और जीवन दांव पर लगाता है, उसकी सेहत की जिम्मेदारी देश की होती है। हर सरकार ने यह कर्तव्य पूरी शिद्दत से निभाया, सिवाय इस मोदी सरकार के। उन्होंने कहा, हमारे सामने दो उदाहरण हैं, ईसीएचएस (पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना) और विकलांगता पेंशन। ईसीएचएस को जानबूझकर फंड की कमी में रखा गया है। मोदी सरकार अस्पतालों को 9-9 महीने तक भुगतान नहीं करती, और कम पैसे देने के हर तरीके अपनाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पिछले 3-4 वर्षों का बकाया लगभग 12,000 करोड़ रुपये का है, इसी वजह से अस्पताल सिस्टम से बाहर हो रहे हैं, जिससे लाखों से ज़्यादा पूर्व सैनिकों के इलाज पर सीधा असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जवानों को भी समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

## केरल के मंदिर को अभिनेत्री दिशा पाटनी से मिला जीवन-आकार का यांत्रिक हाथी : पेटा

**त्रिशूर :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी और पेटा इंडिया ने संयुक्त रूप से यहां के थोडथरा कलापट्टू श्री भद्रकाली मंदिर को एक वास्तविक आकार का यांत्रिक हाथी भेंट किया है, जिसका शनिवार को मंदिर में अनावरण किया गया। पेटा इंडिया ने एक बयान में कहा कि तीन मीटर ऊंचे और 500 किलोग्राम वजनी यांत्रिक हाथी को मंदिर को दान में दिया गया था, क्योंकि मंदिर ने कभी भी जीवित हाथियों को रखने या किराए पर लेने का निर्णय नहीं किया था। यह पेटा इंडिया द्वारा भारत के मंदिरों को दान किया गया यह 20वां रोबोटिक हाथी है और केरल में दिया गया 11 वां है। बयान में आगे कहा गया है कि यांत्रिक हाथी का उद्घाटन समारोह और पंचवाद्यम प्रदर्शन के साथ स्वागत किया गया। यह रबर, फाइबर, धातु, जाली, फोम और स्टील से बना सातवां ऐसा हाथी है, जो पांच मोटरों द्वारा संचालित है और त्रिशूर के एक मंदिर को दान किया गया है।

## कैंसर के इलाज से जुड़ा नवाचार हर देश तक पहुंचना चाहिए: फडणवीस

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कैंसर को भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया और कहा कि इसके इलाज से जुड़ा नवाचार हर देश तक पहुंचना चाहिए क्योंकि मानवता की कोई सीमा नहीं होती। नागपुर के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में 'ऑन्कोलॉजी बियॉन्ड बॉर्डर्स' विषय पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संदिग्ध मामलों की पहचान करने के तरीकों और बीमारी के शीघ्र उपचार की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में कैंसर के मामले 'अकल्पनीय' गति से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बीमारियों के उन्मूलन में बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वाला भारत जैसा देश दुर्भाग्य से अब कैंसर से जूझ रहा है। फडणवीस ने कहा, ''फिलहाल कैंसर भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। यह सिर्फ यहीं नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में विश्व स्तर पर कैंसर के मामलों में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति 'बेहद भयावह' है। फडणवीस ने बताया कि पिछले पांच वर्ष में महाराष्ट्र में कैंसर के मामलों में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि न केवल इस बीमारी से लड़ा जाए, बल्कि इसकी रोकथाम भी की जाए।

## लंबी दूरी की ट्रेन की सफाई के लिए प्रौद्योगिकी से लैस पेशेवर टीम की तैनाती होगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने लंबी दूरी की ट्रेन में स्वच्छता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को एक सुधार की शुरुआत की, जिसके तहत प्रौद्योगिकी से लैस पेशेवर टीम की तैनाती की जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सामान्य श्रेणी सहित सभी डिब्बों की सफाई आवश्यकतानुसार की जाएगी। यह कार्य तैनात सेवा प्रदाताओं के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करके तथा ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर प्रदर्शन करने वाली पेशेवर, अनुशासित और सक्रिय टीम को जोड़कर किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि मौजूदा 'क्लीन ट्रेन स्टेशन' योजना के तहत ट्रेन की सफाई उनके



मार्ग में निर्धारित स्टेशन पर की जाती है। उन्होंने कहा कि नये सुधार के तहत अब प्रशिक्षित ट्रेन में सवार कर्मियों द्वारा यात्रा के दौरान प्रत्येक घंटे के अंतराल पर या आवश्यकता अनुसार सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निगरानी, फीडबैक और प्रदर्शन प्रबंधन प्रौद्योगिकी की सहायता से वास्तविक समय के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं में सभी कोच, शौचालयों और बेसिन की सफाई; कचरा संग्रहण; मामूली मरम्मत कार्य करना; आवश्यकता अनुसार पानी भरवाने का समन्वय तथा सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की जांच और जानकारी देना शामिल होगा। यह कार्य प्रशिक्षित पर्यवेक्षकों और सेवा कर्मियों द्वारा किया जाएगा। वैष्णव ने कहा, ''सफाई की आवृत्ति को व्यस्त एवं गैर व्यस्त घंटों के आधार पर विनियमित किया जाएगा तथा प्रौद्योगिकी की मदद से सफाई प्रक्रिया की निगरानी के लिए निगरानी कक्ष स्थापित किए जाएंगे।''

## असम में देश की पहली नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग की मंजूरी ऐतिहासिक उपलब्धि: मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि असम में देश की पहली नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के लिए केंद्र की मंजूरी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने असम के गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच भारत की पहली 'अंडरवाटर ट्विन ट्यूब रोड-कम-रेल टनल' के निर्माण को 18,662 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत से मंजूरी दे दी है। शर्मा ने ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किलोमीटर लंबी सुरंग सहित 33.7 किलोमीटर लंबे चार लेन के कॉरिडोर को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, असम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि - भारत की पहली 'अंडरवाटर ट्विन ट्यूब रोड-कम-रेल टनल' को मंजूरी मिल गई है! 18,662 करोड़ रुपये की लागत से गोहपुर से नुमालीगढ़ (जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किलोमीटर लंबी सुरंग भी शामिल है) तक 33.7 किलोमीटर लंबे चार लेन कॉरिडोर को मंजूरी देने के लिए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार।

## नमो भारत गलियारा मेरठ मेट्रो के शेष हिस्से का उद्घाटन 22 फरवरी को होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के सराय काले खां को मेरठ के मोदीपुरम से जोड़ने वाले 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत गलियारे के शेष हिस्सों का उद्घाटन 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नमो भारत के उद्घाटन के साथ-साथ 13 स्टेशन वाली 23 किलोमीटर लंबी मेरठ मेट्रो की शुरुआत भी की जाएगी। दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच पांच किलोमीटर का खंड तथा मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम तक 21 किलोमीटर का खंड का काम अब पूरा हो चुका हैं, जिसका उद्घाटन 22 फरवरी को निर्धारित है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 82 किलोमीटर के गलियारे में सराय काले खां, आनंद विहार, गाजियाबाद, गुलधर, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ जैसे कई प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की रीढ़ यह गलियारा मार्ग के साथ प्रमुख आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने कहा कि गलियारे का 55 किलोमीटर लंबा हिस्सा पहले से ही चालू है और शेष खंड पूरा होने के करीब है। संचालित हो रहे हिस्से में 11 स्टेशन शामिल हैं। इसमें उल्लेख किया गया है कि एकीकृत कॉरिडोर से आवागमन को बढ़ावा मिलने, सामाजिक-आर्थिक बदलावों को गति मिलने और दिल्ली, गाजियाबाद तथा मेरठ में नए आवासीय और वाणिज्यिक केंद्रों के विकास की उम्मीद है।

## 'निसार' उपग्रह देशभर में हर 13 दिन में भूमि में नमी का डेटा उपलब्ध कराएगा: इसरो

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि 'निसार' (एनआईएसएआर) उपग्रह भारतीय भूभाग की एस और एल बैंड के जरिये व्यवस्थित रूप से निगरानी कर रहा है ताकि हर 12 दिन बाद उच्च-रिज़ॉल्यूशन के साथ विस्तृत क्षेत्र का डेटा प्राप्त किया जा सके। इस डेटा का प्रभावी ढंग से उपयोग 100 मीटर के उच्च रिज़ॉल्यूशन के साथ मृदा संबंधी नमी की जानकारी को दर्शाने में किया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि फसलों की गुणवत्ता, सिंचाई की जरूरतों और सूखे के जोखिम के प्रमुख संकेतक के रूप में, मृदा की नमी भारत में कृषि और जल प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसरो के एक बयान के अनुसार, एस और एल बैंड से प्राप्त डेटा का उपयोग करके प्रदर्शित की गई मृदा-आर्द्रता से जुड़ी जानकारी भारत के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों - सिंचित मैदानों और वर्षा आधारित खेतों से लेकर अर्ध-शुष्क और उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों तक - में सुसंगत अनुमान प्रदान करने में सहायता करती है। इसमें कहा गया है कि अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी-आईएसअ-ारओ) में विकसित भौतिकी-आधारित मृदा आर्द्रता पुनर्प्राप्ति एल्गोरिदम वैज्ञानिक मजबूती, विश्वसनीयता और परिचालन सटीकता सुनिश्चित करता है। इसरो ने कहा, ''हर 12 दिनों में दो अवलोकन प्रदान करने की क्षमता के साथ, 'नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार' (एनआईएसएआर) मृदा में नमी की गतिशीलता की लगभग वास्तविक समय में निगरानी करने में सक्षम है।

## मोदी, शाह समेत कई नेताओं ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 2019 में आज ही के दिन हुए आतंकी हमले में शहीद सीआरपीएफ जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया ने देखा है कि सरकार ने सात साल पहले हुए हमले पर कैसे प्रतिक्रिया दी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में एक रैली को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ 'सर्जिकल स्ट्राइक' और इसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। एक आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी, 2019 को विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी थी जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। कुछ दिनों बाद भारत ने जवाबी हमला किया जिसे 'बालाकोट एयरस्ट्राइक' के नाम से जाना जाता है।

### सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिजनों ने श्रद्धांजलि दी

**चंडीगढ़ :** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को उनके परिजन ने श्रद्धांजलि दी। हालांकि, कुछ जवानों के परिजन अपने शहीद सगे-संबंधी को दिए जाने वाले सम्मानों के लिए अभी भी प्रतीक्षारत हैं। सीआरपीएफ जवान जैमल सिंह की पत्नी सुखजीत कौर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पति के नाम पर स्टेडियम का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है, जबकि उनसे इसका वादा किया गया था।

**NOTICE INVITING TENDER**

**NIT NO - JM/ENIT-48/25-26 dated 13/02/2026**

**Name & Location of work :-** Construction of Maa Canteen Hall Room near Hindi School in ward no.-VI under Jhalda Municipality. Date of uploading of N.I.T. & other Documents (online) (Publishing Date) : **13/02/2026 from 11.30 A.M.** onwards. Documents download/ sell start date (Online) : **13/02/2026 at 02.30 P.M.** Documents download/sell end date (Online) : **26/02/2026 up to 01:30 P.M.** Bid submission start date (Online) : **13/02/2026 at 02.30 P.M.** Bid Submission closing (Online) : **26/02/2026 up to 01:30 P.M.** Bid opening date for Technical Proposals (Online) : **28/02/2026 at 02:00 P.M.** All relevant details available at **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
Chairman
Jhalda Municipality

# पिछले एक दशक में स्वास्थ्य देखभाल पर जेब से होने वाले खर्च में काफी कमी आयी: नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत में पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवा पर जेब से होने वाले (बीमा कवर से इतर) खर्च में काफी कमी आई है, जिससे परिवारों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। उन्होंने देहरादून में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में हुई अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)



की संख्या छह से बढ़कर 23 हो गई है, जिससे देश भर में उन्नत तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में काफी विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़कर लगभग 89 प्रतिशत हो गई है, जो मातृ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के सुदृढ़ होने को दर्शाती है। स्वास्थ्य सेवा में वित्तीय सुरक्षा पर जोर देते हुए नड्डा ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के बारे में बात की, जो प्रति परिवार पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब लगभग 62 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, जो भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। नड्डा ने कहा, ''पिछले एक दशक में भारत में स्वास्थ्य सेवा पर जेब से होने वाले खर्च में काफी कमी आई है, जिससे परिवारों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है।'' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वैश्विक आबादी के लगभग छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट में दिए गए रुझानों के अनुरूप निरंतर मच्छर-जनित रोग नियंत्रण प्रयासों के माध्यम से मलेरिया की घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## परिजनों को बिना बताए एसयूवी लेकर 'मौज-मस्ती' के लिए निकले छह स्कूली छात्रों की दुर्घटना में मौत

**बेंगलुरु :** सुबह-सुबह अपने परिजनों को बिना सूचित किए एसयूवी लेकर 'मौज-मस्ती' के लिए निकले छह स्कूली छात्रों समेत सात लोगों की एक दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे-डाबास्पेट राजमार्ग पर एम सत्यवारा के पास कई वाहनों की टक्कर हो गयी। पुलिस के अनुसार, छह छात्र मौज-मस्ती के लिए एक एसयूवी में निकले थे। बताया जा रहा है कि छात्र अयान अली द्वारा चलाई जा रही एसयूवी कार 150-160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से होसकोटे से देवनहल्ली की ओर जा रही थी, तभी उसने कथित तौर पर आगे जा रही एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि अली अपने माता-पिता की जानकारी दिए बिना कार लेकर चला गया था।



उन्होंने बताया कि एसयूवी के चालक ने कथित तौर पर शुरुआती टक्कर के बाद नियंत्रण खो दिया और एक कैंटर वाहन से टकरा गया। एक और कार भी वाहन से टकरा गयी जिससे भीषण दुर्घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि एसयूवी में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार की पहचान देवनहल्ली निवासी 26 वर्षीय गगन के रूप में हुई है। टक्कर के कारण दोपहिया वाहन चालक वाहन से उछलकर गिर गया और सड़क किनारे लगे धातु के बैरियर से टकरा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। अन्य मृतकों की पहचान अहराम शरीफ (16), अश्विन नायर, ईथन जॉर्ज, अयान अली, भरत - सभी 17 वर्ष के और मोहम्मद फरहान शेख (18) के रूप में हुई है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अभिषेक ने नेट सत्र में किया बल्लेबाजी अभ्यास

**बुमराह बनाम फरहान, तारिक बनाम हार्दिक रह सकते हैं मुकाबले के आकर्षण का केंद्र**





**कोलंबो :** भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता उस समय कम होती दिखी जब अभिषेक शर्मा ने यहां नेट सत्र में दमदार बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी फिटनेस के संकेत दिए। नामीबिया के खिलाफ मैच से पेट में संक्रमण के कारण बाहर रहे अभिषेक ने नयी दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उपचार कराया था जिससे रविवार को होने वाले भारत–पाकिस्तान मैच में उनकी उपलब्धता पर संशय पैदा हो गया था। बाएं हाथ के इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने नेट सत्र में लगभग 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी की बल्लेबाजी की। वह इस दौरान पूरी तरह फिट नजर आए। भारत का अभ्यास सत्र हल्की लेकिन लगातार बारिश से प्रभावित रहा और खिलाड़ियों को इंडोर अभ्यास करना पड़ा। अभिषेक ने शुरुआत में स्पिनरों कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती का सामना किया और आक्रामक अंदाज में बड़े शॉट लगाए। इसे पाकिस्तान के स्पिन आक्रमण के लिए एक संकेत माना जा रहा है जिसकी अगुवाई उस्मान तारिक कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी खुलकर शॉट खेले। उनके फुटवर्क में ज्यादा हलचल नहीं दिखी, लेकिन तेज हाथों और गेंद की लेंथ को भांपने की क्षमता ने इसकी भरपाई कर दी। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक पहले ही अभिषेक की शैली की सराहना कर चुके हैं। कोटक ने कहा था कि वह गेंद के हिसाब से शॉट खेलते है और शनिवार को अभ्यास में ऐसा ही देखने को मिला। इससे पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी मुस्कुराते हुए संकेत दिया था कि अभिषेक मैच के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, अगर आप चाहते हैं कि वह खेलें तो हम उन्हें कल खिलाएंगे। अभिषेक की संभावित वापसी की स्थिति में संजू सैमसन को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ सकता है। अभिषेक अपनी आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद के साथी ईशान किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते है।

## तारिक सिर्फ एक साधारण ऑफ–स्पिनर हैं, भारतीय बल्लेबाजों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए: गांगुली

**कोलकाता :** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को पाकिस्तान के उस्मान तारिक को एक साधारण ऑफ–स्पिनर बताया जो अपनी 'डिलीवरी स्ट्राइड' में थोड़ा ब्रेक लेने के बाद ही गेंद छोड़ते हैं और उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में उन्हें अच्छी तरह से खेल लेंगे। भारत और पाकिस्तान रविवार को कोलंबो में ग्रुप ए के मैच में आमने–सामने होंगे और 28 साल के तारिक मैच से पहले की चर्चा का विषय बने हुए हैं। भारतीय बल्लेबाज दाएं हाथ के स्पिनर का सामना करेंगे जिन्होंने अब तक सिर्फ चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट लिए हैं। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गांगुली ने यहां टी20 विश्व कप मैगजीन लांच के दौरान पत्रकारों से कहा, ''टी20 में अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन भारत एक अच्छी टीम है और उन्हें हराना आसान नहीं है।''

## भारत–पाक टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए दिल्ली के रेस्तरां और सिनेमा तैयार

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को टी20 विश्व कप मुकाबले से पहले दिल्ली–एनसीआर के रेस्तरां और सिनेमा हॉल ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास मेन्यू, ऑफर और लाइव स्क्रीनिंग की व्यवस्था की है। रेस्टोरेंट ने इस विशेष मैच के लिए खाने पीने के चीजों का नाम क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाले शब्दों की तरह रखा है। इसमें हैट–ट्रिक, बीयर बाउंडरी, सिक्सर सेवर, बाउंडरी बिंज और बाउंडरी बाइट्स जैसे विशेष मेन्यू को तैयार किए गए है। इस दौरान रेस्तरां प्रशंसकों के लिए कई पेशकश कर रहे हैं। 'कैफे दिल्ली हाइट्स' अपने सभी रेस्तरां में ऐसे मेन्यू पेश करेगा जो क्रिकेट के सीधा प्रसारण और स्वादिष्ट भोजन के रोमांच को एक साथ लायेगा। बयान में कहा गया, मेन्यू में हमारे दिल्ली के लोकप्रिय व्यंजनों को शामिल किया है। ये शाकाहारी और मांसाहारी दोनों विकल्पों में उपलब्ध हैं। मल्टीप्लेक्स पीवीआर इनॉक्स ने जियोस्टार के साथ साझेदारी करके चुनिंदा सिनेमा हॉल में सभी मैच लाइव दिखाने की व्यवस्था की है, जिससे स्टेडियम जैसा रोमांच बड़े पर्दे पर मिलेगा। मल्टीप्लेक्स चैन ने बताया, 15 फरवरी 2026 को होने वाला भारत–पाक मैच 50 से अधिक जगहों में 300 स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। दर्शकों की मांग के अनुसार अतिरिक्त स्क्रीन जोड़ी जाएंगी। इसके लिए टिकट की कीमत केवल 99 रुपये से शुरू है।

## भारत–पाक क्रिकेट मुकाबले से पहले श्रीलंका की राजधानी में कड़ी सुरक्षा

**कोलंबो :** श्रीलंका पुलिस ने शनिवार को कहा कि रविवार को कोलंबो में भारत–पाकिस्तान के बीच होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले से पहले विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान रविवार को यहां स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने–सामने होंगे। श्रीलंका के अधिकारियों ने कहा कि मैच के आयोजन की सुरक्षा के मामले में कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा।

## क्रिकेट पर फोकस करें , सोशल मीडिया पर नहीं : कोच स्टुअर्ट लॉ की नेपाल टीम को चेतावनी

**मुंबई :** नेपाल के मुख्य कोच स्टुअर्ट लॉ ने पहली बार टी20 विश्व कप खेल रही इटली के खिलाफ टीम की दस विकेट से हार पर निराशा जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने प्रतिबद्धता नहीं दिखाई और उन्होंने टीम को सोशल मीडिया की बजाय आगामी मैचों पर फोकस करने की भी ताकीद की। दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके नेपाल ने सभी का ध्यान खींचा था लेकिन उस लय को कायम नहीं रख सके और इटली जैसी नयी टीम से हार गए। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर लॉ ने कहा कि वह खिलाड़ियों के जीवन में सोशल मीडिया का महत्व समझते हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट के दौरान यह लक्ष्य से ध्यान भटका भी देता है। उन्होंने कहा ,'' नेपाली संस्कृति में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है।लेकिन अगर हम सोशल मीडिया पर क्या कर रहे हैं या लोग हमारे बारे में क्या कर रहे हैं और टीम की जरूरत पर फोकस नहीं है तो आप असल लक्ष्य से भटक जाते हैं।''

## यानसन और मारक्रम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका को दिलाई सात विकेट से जीत



**अहमदाबाद :** आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अहम मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 17 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दोनों टीमें इस मैच से पहले अजेय थीं, ऐसे में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 175 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन मार्को यानसन (40 रन पर चार विकेट) ने टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र और फिन एलन के अहम विकेट लेकर कीवी टीम को झटका दिया। इसके बाद मार्क चैपमैन (48) और डेरिल मिचेल (32) ने पांचवें विकेट के लिए 74 रन जोड़कर पारी संभाली। अंत में जेम्स नीशम की नाबाद 23 रन की पारी से टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच सकी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी, केशव महाराज और कॉर्बिन बोश को एक–एक विकेट मिला।लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान एडेन मारक्रम ने तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 44 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 86 रन बनाए, जो उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। मारक्रम ने क्विंटन डिकॉक और रेयान रिकल्टन के साथ तेज साझेदारियां कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।अंत में मारक्रम और डेविड मिलर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। लगातार तीसरी जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं।

## भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप की तैयारियों का अहम चरण की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी

**सिडनी :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु–प्रारूप श्रृंखला में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों को दुरूस्त करने की होगी। भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बहु–प्रारूप श्रृंखला में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन एकदिवसीयऔर छह मार्च से पर्थ में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेलेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम 50–ओवर विश्व कप जीत के बाद पहली बार विदेश में श्रृंखला खेलेगी और ऑस्ट्रेलिया के छह अलग–अलग शहरों का दौरा करेगी। पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होगा, जबकि बाकी मैच क्रमशः कैनबरा के मनुका ओवल और एडिलेड ओवल में खेले जाएंगे। यह भारत के लिए इस साल की पहली टी20 श्रृंखला होगी। भारत टी20 प्रारूप में विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है, जबकि मेजबान ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर हैं। वनडे विश्व कप चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलंद है लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर को टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि वे (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत टीम हैं, लंबे समय से अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं। जब आप सही मानसिकता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ खेलते हैं, तब ही आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। हमारा लक्ष्य भी यही है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे। हरमनप्रीत ने कहा कि टी20 विश्व कप से पहले सभी श्रृंखला काफी अहम हैं। भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथनई प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण है।

## रशीद और बैंटन चमके, इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को हराकर सुपर आठ की उम्मीद जीवंत रखी



**कोलकाता :** अनुभवी लेग स्पिनर आदिल रशीद के तीन विकेट के बाद टॉम बैंटन (नाबाद 63 रन) के अर्धशतक से इंग्लैंड ने शनिवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप सी के अहम मैच में स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपनी सुपर आठ की उम्मीद जीवंत रखीं। वेस्टइंडीज से हार के बाद ग्रुप सी के महत्वपूर्ण मैच में दो बार के चैंपियन इंग्लैंड ने पहले रशीद (36 रन देकर तीन विकेट) और लियाम डॉसन (34 रन देकर दो विकेट) की मदद से स्कॉटलैंड को 19.4 ओवर में 152 रन पर ऑल आउट कर दिया। स्कॉटलैंड 12.3 ओवर में तीन विकेट पर 113 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था और 180 रन का आंकड़ा पार करने वाला था। लेकिन 14 रन में पांच विकेट गिरने से मैच का रूख बदल गया। रशीद ने कप्तान रिकी बेरिंगटन (49) सहित तीन विकेट लेकर स्कॉटलैंड की पारी को पटरी से उतार दिया। डॉसन ने जल्दी–जल्दी दो विकेट लिए और स्कॉटलैंड की पूरी लय बिगड़ गई। इस छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने शुरू में दो ओवर में 13 रन पर दो विकेट गंवा दिए। लेकिन इसके बाद बैंटन ने 41 गेंद में चार चौके और तीन छक्के जड़ित मैच विजयी पारी खेली। विल जैक्स ने ब्रैड व्हील की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर 18.2 ओवर में जीत दिलाई। इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 155 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम अपने पहले मैच में नेपाल के खिलाफ मुश्किल से जीती था लेकिन वेस्टइंडीज से हार गई थी। इस जीत से वह चार अंक लेकर वेस्टइंडीज के बाद ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

## प्रमोद भगत ने एसएल3 स्वर्ण जीता, रिकॉर्ड छठा विश्व खिताब अपने नाम किया



**मनामा :** भारत के प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ पैरा विश्व चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सैंतीस वर्षीय भगत ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 21–12, 21–18 से हराकर विश्व चैंपियनशिप में लगातार चौथा एकल स्वर्ण और इस वर्ग में कुल मिलाकर छठा विश्व खिताब जीता। यह जीत एसएल3 वर्ग में भगत के दबदबे को दर्शाती है। एसएल3 वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके निचले अंगों में गंभीर दिव्यांगता होती है। भगत को पाच साल की उम्र में पोलियो हो गया था। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में विश्व चैंपियनशिप एकल स्वर्ण पदक जीते थे। शनिवार की इस जीत से उन्होंने चीन के दिग्गज लिन डैन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने सक्षम (एबल बॉडी) बैडमिंटन में पुरुष एकल के पांच विश्व खिताब जीते हैं। इस तरह भगत विश्व चैंपियनशिप इतिहास में खेल के सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए। यह जीत भगत के लिए शानदार वापसी भी साबित हुई क्योंकि उन पर बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग रोधी के अपने स्थल की जानकारी देने वाले (वेयरअबाउट्स) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने का निलंबन लगा था जिसकी वजह से वह 2024 पेरिस पैरालंपिक में भाग नहीं ले सके थे।

## टकर के 94 रन से आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराया



**कोलंबो :** कप्तान लोरकान टकर के 51 गेंद में 94 रन की मदद से आयरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के एकतरफा मैच में शनिवार को ओमान को 96 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आयरलैंड ने पांच विकेट पर 235 रन बनाये। टकर ने अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के लगाये और उनकी पारी के दम पर आयरलैंड ने तीन विकेट पर 47 से उबरते हुए इस टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। आमिर कलीम ने 50 और हमाद मिर्जा ने 46 रन बनाये। ओमान के आठ बल्लेबाज दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिये जोश लिटिल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। मैथ्यू हंफ्रेस और बैरी मैकार्थी को दो दो विकेट मिले। इस जीत के बावजूद आयरलैंड चौथे स्थान पर है जबकि श्रीलंका, जिम्बाब्वे और आस्ट्रेलिया शीर्ष तीन स्थानों पर हैं। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए ओमान ने पावरप्ले के छह में से पांच ओवर स्पिनरों से कराये। इसका फायदा भी मिला जब 38 वर्ष के शकील ने तीन ओवरों में तीन विकेट लेकर आयरलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन कर दिया। उन्होंने पहले ओवर में टिम टेक्टर को आउट किया जिसके बाद रोस एडेयर का विकेट लिया। एडेयर ने शाह फैसल को तीन चौके लगाकर अच्छी शुरूआत की थी लेकिन टिक नहीं सके। पांचवें ओवर में शकील ने हैरी टेक्टर को भी पवेलियन भेजा।

# व्यापार

## भारत ने जलवायु कार्रवाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाकर जीडीपी का 5.6 प्रतिशत किया: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत ने पिछले छह वर्षों में जलवायु कार्रवाई पर खर्च बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 प्रतिशत कर दिया है, जो कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के राष्ट्रीय प्रयास को दर्शाता है। सीतारमण ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समिति की चर्चा में शिरकत करते हुए कहा कि भारत ने जलवायु कार्रवाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, छह साल पहले भारत अपने जीडीपी का लगभग 3.7 प्रतिशत जलवायु सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर खर्च करता था। आज यह खर्च बढ़कर करीब 5.6 प्रतिशत हो गया है। हमने इसके लिए आवश्यक धन पहले ही निवेश कर दिया है। हम किसी और देश या स्रोत से वित्त या प्रौद्योगिकी मिलने का इंतजार नहीं कर रहे हैं, लेकिन ये संसाधन उपलब्ध होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना जारी रखेगा और हम उस प्रतिबद्धता पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन नियंत्रण रणनीतियों को केंद्रीय बजट 2026–27 में वित्तपोषित किया गया है ताकि उन्हें पूरे देश में लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत ने नवीकरणीय क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं में से दो–तिहाई हासिल कर ली है और वह भी लक्ष्य तिथि से चार साल पहले। सीतारमण ने कहा कि जो देश कम प्रदूषण फैला रहे हैं, उन्हें जलवायु कार्रवाई में कम योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा, जितना ध्यान हम उत्सर्जन नियंत्रण पर देते हैं, उतना ही हमें जुझारूपन और अनुकूलन की ओर भी देखना होगा। ऐसा नहीं होने पर हमें बहुत कुछ खोना पड़ सकता है। प्रौद्योगिकियों का आपस में समन्वय करना होगा। कोई भी यह नहीं कह सकता कि उसने जलवायु से संबंधित चुनौतियों का पूरा समाधान तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा, यह सही नहीं होगा कि जो देश उत्सर्जन में कम योगदान करते हैं, उन्हें भी बराबरी का भार उठाना पड़े।

## महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना में 11,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320.38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच–160ए के घोटी–त्र्यंबक (मोखाडा)–जवाहर–मनोर–पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि नासिक के पश्चिमी क्षेत्र, खासकर अंबाड़ और सतपुर के आसपास, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा विकसित औद्योगिक इकाइयों का घना समूह स्थित है, जिससे इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर माल परिवहन होता है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में एनएच–160ए के 154.635 किलोमीटर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–160ए के 154.635 किलोमीटर लंबे खंड के पुनर्वास और उन्नयन को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड के तहत मंजूरी दे दी है। यह परियोजना पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुरूप प्रस्तावित की गई है। मंत्रालय ने एक अलग विज्ञप्ति में कहा कि सीसीईए ने 4,583.64 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात में धमासिया–बिटाडा/मोवी और नसरपोर–मलोथा के चार लेन वाले खंडों के निर्माण को भी मंजूरी दी। यह 107.67 किलोमीटर लंबी परियोजना एनएच–56 का हिस्सा है, जो राजस्थान के निम्बाहेरा से शुरू होता है और गुजरात के दाहोद जिले, मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले से होकर गुजरती है। इसके अलावा मंत्रिमंडलीय समिति ने तेलंगाना में 3,175.08 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग –167 के चौड़ीकरण को भी मंजूरी दी।

## मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि मंत्रिमंडल ने 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स' योजना की दूसरी किश्त को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का कोष निर्धारित किया गया है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना का मुख्य ध्यान उन्नत तकनीक पर आधारित स्टार्टअप, छोटे कोषों के माध्यम से शुरुआती विकास चरण के स्टार्टअप, तकनीक से प्रेरित नवाचारी विनिर्माण स्टार्टअप तथा विभिन्न क्षेत्रों और विकास के अलग–अलग चरणों में कार्यरत स्टार्टअप पर रहेगा। मंत्री ने कहा कि कार्य संचालन में लचीलापन रखा जाएगा, जिसमें गहन प्रौद्योगिकी और उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण को वित्तीय सहायता देने वाले वैकल्पिक निवेश कोषों में सरकार का अधिक योगदान भी शामिल होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में इस योजना को मंजूरी दी।

## वित्त वर्ष 2026–27 का बजट महाराष्ट्र में बुनियादी ढांचे, उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा देगा: गोयल



**मुंबई :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय बजट 2026–27 में बुनियादी ढांचा, रेलवे और उद्योग के लिए किए गए प्रावधानों का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र इस बजट के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक होगा जिसका राज्य की वृद्धि पर सीधा असर होगा। गोयल ने केंद्रीय बजट के बारे में यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुंबई और नवी मुंबई डेटा केंद्रों के लिए प्रमुख गंतव्य हैं क्योंकि वहां समुद्र के अंदर केबल बिछाई जाती है, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करेगी और रोजगार पैदा करेगी। उन्होंने कहा, बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12.21 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वधावन बंदरगाह, नया हवाई अड्डा और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं से महाराष्ट्र को सीधे लाभ होगा। बुनियादी ढांचे में एक रुपये का निवेश 3 से 3.5 रुपये का लाभ देता है, जिससे आर्थिक वृद्धि बढ़ेगी और लॉजिस्टिक लागत घटेगी। उन्होंने बताया कि बजट क्रेडिट गारंटी योजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और क्लाउड सेवाओं के विस्तार के माध्यम से एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्रों पर केंद्रित है। गोयल ने कहा कि विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सुरक्षित बंदरगाह नियम लागू किए गए हैं और साथ ही समुद्री बंदरगाहों और वस्त्र उद्यानों से जुड़े तीन रासायनिक पार्कों की भी घोषणा की गई है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों के समय पर इलाज के लिए 'पीएम राहत' योजना शुरू

**नयी दिल्ली :** सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को 'पीएम राहत' योजना की शुरुआत की। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं। मंत्रालय ने अध्ययनों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो सड़क दुर्घटना में होने वाली लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने 'पीएम राहत' (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी। यह योजना सरकार के उस दृष्टिकोण को दिखाती है, जिसमें कमजोर नागरिकों के लिए सेवा, करुणा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। मंत्रालय के मुताबिक, इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक नकदी–रहति (कैशलेस) इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर–गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, पीड़ित, राहगीर या घटना–स्थल पर मौजूद कोई भी व्यक्ति 112 नंबर पर फोन कर नजदीकी अस्पताल और एम्बुलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

## एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग का भारत दौरा रद्द

**नयी दिल्ली :** दिग्गज चिप विनिर्माता एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेने के लिए प्रस्तावित अपना भारत दौरा रद्द कर दिया है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, एनवीडिया ने कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण हुआंग का दौरा रद्द कर दिया है, लेकिन कंपनी अपना एक उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस सम्मेलन में भेज रही है। उन्होंने कहा कि हुआंग का दौरा रद्द होने के संबंध में जानकारी शनिवार शाम को प्राप्त हुई। एनवीडिया अपने तेज प्रोसेसिंग वाले जीपीयू सर्वर के कारण वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) पारिस्थितिकी में दबदबा रखने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3504 अंक 314 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता–700 006, विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in